

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष -41 ■ अंक-154 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 01 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## आत्मनिर्भर बनने का एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल'

### 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा

**नई दिल्ली,31 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से हुई तबाही पर दुख और पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में उन्होंने अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ को लेकर देशवासियों से वोकल फॉर लोकल की अपनी अपील दोहराई। उन्होंने टैरिफ का जिक्र किए बिना इशारों-इशारों में देशवासियों से इससे खिलाफ लड़ाई में आत्मनिर्भरता को हथियार बनाने का आह्वान किया।

**'जहां स्वच्छता है, वहां त्योहारों का आनंद भी और बढ़ जाता है'**-उन्होंने कहा कि खुशियों के बीच आप सभी स्वच्छता पर जोर देते रहें, क्योंकि जहां स्वच्छता है, वहां त्योहारों का आनंद भी और बढ़ जाता है। साथियों, 'मन की बात' के लिए मुझे इसी तरह बड़ी संख्या में अपने संदेश भेजते रहिए। आपका हर सुझाव इस कार्यक्रम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अपना फीडबैक मुझ तक जरूर



पहुंचाते रहें। अगली बार जब हम मिलेंगे तो और भी नए विषयों की चर्चा होगी।

"संकट के समय जवानों ने थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, स्निफर डॉग और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया। हेलीकॉप्टरों से राहत सामग्री पहुंचाई गई और घायलों को एयरलिफ्ट किया गया। इससे राहत कार्यों की गति तेज हुई।" उन्होंने बताया कि इन संसाधनों ने हजारों लोगों की जिंदगी बचाने में मदद की।

आपदा में हुए नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "मानसून के इस मौसम ने देश की कठिन परीक्षा ली है। कई जगह बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई। कहीं घर और खेत बह गए, तो कहीं पुल और सड़कें टूट गईं। परिवार उजड़ गए और लोगों की जिंदगी संकट में फंस गई। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया, उनका दर्द हम सबका दर्द है।" उन्होंने राहत और बचाव कार्य में जुटी एजेंसियों और नागरिकों की सराहना की। उन्होंने कहा, "एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और सुरक्षा बलों ने लगातार दिन-रात काम किया। स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, डॉक्टर और प्रशासन ने भी हर संभव योगदान दिया। हर नागरिक ने इस कठिन समय में मानवता को सबसे ऊपर रखा। इसके लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।"प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में इस बात पर जोर दिया कि आपदा के समय एकजुट होकर काम करने की ताकत ही भारत की असली शक्ति है। उन्होंने कहा कि तकनीक, संसाधन और मानवीय संवेदनशीलता के संयोजन ने साबित किया है कि भारत किसी भी चुनौती का डटकर सामना कर सकता है।

### गर्व से कहो 'ये स्वदेशी है'

पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देश-भर में 'गणेश उत्सव' की धूम है। आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, रौशनी वही जो भारत में बनी झालरों से हो और भी ऐसा बहुत कुछ, जीवन की हर जरूरत में सब कुछ स्वदेशी हो। गर्व से कहो 'ये स्वदेशी है', गर्व से कहो 'ये स्वदेशी है', गर्व से कहो 'ये स्वदेशी है। इस भाव को लेकर हमें आगे चलना है। एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल', एक ही रास्ता 'आत्मनिर्भर भारत', एक ही लक्ष्य 'विकसित भारत'।'

## संक्षेप

### कवि केदार सिंह परिहार के निधन पर साय ने जताया शोक

**रायपुर,31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की मिट्टी की खुशबू को अपनी रचनाओं में समेटने



वाले जनकवि केदार सिंह परिहार का आज सुबह निधन हो गया. उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शोक व्यक्त किया है. सीएम साय ने छत्तीसगढ़ में लिखा- "छत्तीसगढ़ ल छांव करे बर, मैं छानही बन जातेंवङ्ग अइसन अंतस के गीत लिखइया, प्रसिद्ध कवि अऊ गीतकार श्री केदार सिंह परिहार जी के देवलोक गमन के समाचार बड़ दुःखद हवय." उन्होंने आगे लिखा- "छत्तीसगढ़ के माटी अऊ संस्कृति ला अपन गीत अऊ शब्द मा जिवंत करइया परिहार जी के अवसान ले साहित्य जगत हा सुन्ना होगे हे. भगवान मेर प्रार्थना करत हंव के दिवंगत आत्मा ला अपन श्री चरण मा ठउर देवय अऊ घर के मन ला ये बेरा मा धीरज अउ संबल देवय."

**डिप्टी सीएम अरुण साव ने भी जताया शोक:**लोक गायक केदार सिंह परिहार के निधन पर प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव ने भी शोक व्यक्त किया है. उन्होंने ट्वीटर पर दुख जताते हुए लिखा कि अपने भावनात्मक गीत के माध्यम से उन्होंने छत्तीसगढ़वासियों के दिलों में जगह बनाई है. उनकाजाना हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है. ईश्वर उनकी पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देवें एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने संबल प्रदान करें.

### फिल्मी स्टाइल में गांजा तस्करी

**कवर्धा,31 अगस्त।** कबीरधाम पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में ट्रक से गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. रविवार सुबह पुलिस ने चिल्फी थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए डेढ़ क्विंटल गांजा जब्त किया है. साथ ही तस्करी में शामिल दो आरोपियों को हिरासत में लिया है. आरोपी ओडिसा से ट्रक में गांजा भरकर दिल्ली की ओर ले जा रहे थे. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. जानकारी के मुताबिकस, चिल्फी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि PB-02-EJ -3009 नंबर ट्रक में 2 संदिग्ध लोग गैरकानूनी समान लेकर दिल्ली की ओर जा रहे हैं. इसके बाद चिल्फी पुलिस ने रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे 30 पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी. चेकपोस्ट पर एक ट्रक पहुंची, जिसकी तलाशी के दौरान पुलिस के होश उड़ गए. वाहन के डाला के नीचे खुफिया चैंबर बनाया गया था, जिसमें 100 से अधिक पैकेट्स में भरे लगभग 1.50 क्विंटल गांजा बरामद किया गया. पुलिस ने तस्करी में शामिल दोनों आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया और थाना ले गई, फिलहाल आरोपियों से पुछताछ किया जा रहा है.

### दिल्ली-इंदौर फ्लाइट में लगी आग

**इंदौर,31 अगस्त।** इंदौर जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को अचानक बीच आसमान से दिल्ली लौटना पड़ा। टेकऑफ के कुछ ही देर बाद विमान के राइट इंजन में 'फायर इंडिकेशन' मिला, जिसके बाद पायलट ने तुरंत इंजन बंद कर दिया और स्टैंडर्ड सेफ्टी प्रोसीजर फॉलो करते हुए विमान को सुरक्षित दिल्ली एयरपोर्ट पर उतार दिया। राहत की बात यह रही कि सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 31 अगस्त को फ्लाइट नंबर AI2913 दिल्ली से इंदौर के लिए रवाना हुई थी, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद कॉकपिट क्रू को इंजन में गड़बड़ी का अलर्ट मिला। विमान को तुरंत वापस दिल्ली लाया गया और सुरक्षित लैंड कराया गया।

## भाजपा की कार्यशाला में नए पदाधिकारियों ने सीखे गुर




**रायपुर,31 अगस्त।** संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ भाजपा कार्यशाला का आयोजन कर रही है. कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित कार्यशाला में संगठन के नए पदाधिकारियों को टिप्स दिए जा रहे हैं. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह के अलावा कार्यशाला में संगठन महामंत्री पवन साय, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह भी मौजूद हैं. कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन नए पदाधिकारियों को टिप्स दे रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, बैठक में 476 मंडल और 36 संघटनात्मक जिलों के अध्यक्षों को शामिल किया गया है. इसके साथ ही राज्य कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी भाजपा प्रकोष्ठ के सभी संयोजकों भाजपा के सभी मोर्चा के अध्यक्षों को बैठक में बुलाया गया है. कार्यशाला के साथ संगठन विस्तार को लेकर समीक्षा बैठक होगी. जानकार बताते हैं कि लंबे समय से लंबित मंत्रिमंडल विस्तार को अंजाम देने के बाद अब भाजपा संगठन के भीतर सामंजस्य स्थापित करना चाह रही है. इस दिशा में आज बुलाई गई समीक्षा बैठक को महत्वपूर्ण बताया जा रहा है.

### एक्ट्रेस और कॉमेडियन प्रिया मराठे का निधन

**मुंबई ,31 अगस्त।** एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से एक बड़ी और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर टीवी एक्ट्रेस और स्टैंड-



अप कॉमेडियन प्रिया मराठे का निधन हो गया है। 38 वर्षीय प्रिया ने 31 अगस्त को मुंबई में आखिरी सांस ली। जानकारी के अनुसार, वह पिछले एक साल से कैंसर से जूझ रही थीं। उनकी असमय मृत्यु से टीवी जगत और फैंस में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रिया मराठे टीवी जगत का जाना-माना नाम थीं।

## रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी से 1.9 करोड़ की ठगी

**बिलासपुर,31 अगस्त।** बिलासपुर से ठगी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहां सरकंडा इलाके में ठगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर 72 वर्षीय रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी को तीन महीने तक डिजिटल अरेस्ट में रखा, इस दौरान उनसे 1.9 करोड़ ऐंठ लिए. इस घटना का खुलासा तब हुआ, जब छह महीने बाद उनका बेटा घर लौटा और पिता ने पूरी आपबीती बताई. मोपका पाटलीपुत्र कॉलोनी निवासी पुरुषोत्तम दुबे जनवरी में ठगी का शिकार बने. उन्हें फोन करने वाले शख्स ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए आरोप लगाया कि नौकरी के दौरान उन्होंने गड़बड़ी की थी, वीडियो कॉल पर पूछताछ के बाद जालसाजों ने उन्हें जांच से बचाने के नाम पर लगातार रुपये जमा करने का दबाव बनाया. जनवरी से मार्च के बीच डरे-सहमे वृद्ध ने करीब एक करोड़ नौ लाख रुपये ठगों के खाते में ट्रांसफर कर दिए, उन्हें सख्त हिदायत दी गई थी कि किसी को जानकारी न दें। बेटे के बाहर रहने की वजह से उन्होंने किसी से मदद भी नहीं मांगी, अगस्त में बेटा लौटा तो पूरा मामला सामने आया.

## अफजाल ने की मोहन भागवत की तारीफ

**नई दिल्ली,31 अगस्त।** समाजवादी पार्टी से सांसद अफजाल अंसारी बदले मूड में नजर आ रहे हैं। जहां अक्सर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हैं। वहीं शनिवार को उन्होंने खुलकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की तारीफ की। उन्होंने कहा कि लोगों को उनसे सीख लेनी चाहिए। सपा सांसद अफजाल अंसारी शनिवार को रायफल क्लब में विद्युत समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। अंसारी ने कहा कि आरएसएस के तीन दिवसीय शिविर के बाद मोहन भागवत ने महसूस किया है कि देश में एकता और भाईचारे की जरूरत है और नफरत का कारोबार बंद होना चाहिए। सपा सांसद ने तारीफ करते हुए कहा, "हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करने के लिए संसार में आरएसएस से बढ़कर कोई प्लेटफार्म नहीं है। भागवत ने कहा है कि अगर हर मस्जिद और मजार में शिवलिंग तलाश करोगे तो ये देश को कमजोर करेगा। संघ प्रमुख से कुछ लोगों को नसीहत लेनी चाहिए।" सांसद ने आगे कहा, "मैं भागवत की बातों का स्वागत करता हूं। अन्य धर्मों के धर्मगुरुओं से भी अपील है कि वे संघ प्रमुख के वक्तव्य का स्वागत करें। सपा सांसद ने बिना नाम लिए भाजपा के बड़े नेताओं पर भी टिप्पणी की। कहा कि जिसके पास अपना परिवार नहीं होता, वह दूसरों के परिवार का दर्द क्या ही समझेगा।" अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर शनिवार को सांसद अफजाल अंसारी ने बयान दिया। कहा कि ट्रम्प के टैरिफ से टेक्सटाइल मिलें बंद हो रही हैं। इससे टेक्सटाइल इंडस्ट्री में 30 लाख लोग बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़ा किया।



## विदेश यात्रा में नई औद्योगिक नीति का मिला लाभ : साय

### अलग-अलग कंपनियों के साथ किए 6 एमओयू

**रायपुर,31 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी हाल की जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा का अनुभव साझा किया. उन्होंने कहा कि विदेश दौरे से अलग-अलग कंपनियों से 6 एमओयू किया गया है. उन्होंने जापान में वर्ल्ड एक्सपो में छत्तीसगढ़ पवेलियन की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश को नई औद्योगिक नीति से लाभ मिल रहा है. नवा रायपुर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में 'मन की बात' प्रसारण को सुनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा की. "मन की बात" कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा कि इससे लोगों को प्रेरणा मिलती है. सभी को पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का इंतजार रहता है. करोड़ों लोगों से पीएम मोदी रू-ब-रू होते हैं. देश में हुए नवाचार की



जानकारी को प्रधानमंत्री दुनिया के सामने लाने का काम करते हैं. टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के गृह मंत्री अमित शाह को लेकर दिए अभद्र बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में असंसदीय भाषा की कोई जगह नहीं है. मैं इसकी कड़ी भर्त्सना करता हूं. लोकतंत्र को यह स्वीकार नहीं है.

इस दौरान उन्होंने बस्तर में आए बाढ़ को लेकर कहा कि विदेश दौरे से ही पूरे स्थिति की जानकारी ली थी. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अधिकारियों को निर्देशित किया था. कई लोगों की जान गई, फसल बर्बाद हुई. प्रभावितों को मुआवजा देने कहा है. राहत कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चीन दौरे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के कारण विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है. सभी देशों से संबंध अच्छा बनाकर रखना चाहते हैं. चीन के साथ भी संबंध अच्छा चाहते हैं. माहौल अच्छा होगा.

## लखनऊ में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 4 की मौत

**लखनऊ,3ॅ1 अगस्त।** लखनऊ में पटाखा फैक्ट्री में रविवार सुबह धमाका हो गया। हादसे में फैक्ट्री मालिक और



उसकी पत्नी समेत 4 की मौत हो गई है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। क्योंकि, धमाके के बाद पूरी बिल्डिंग जमींदोज हो गई। बताया जा रहा है कि कई लोग मलबे के नीचे दबे हैं। डीएम-कमिश्नर मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस टीमें मलबे में दबे लोगों का रेस्क्यू कर रही हैं। धमाका इतना भीषण था कि आसपास के 2-3 मकान भी टूट गए। इससे करीब 10 लोग घायल हुए हैं। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही घायलों को स्थानीय लोग अस्पताल ले गए। बाराबंकी से भी फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंच गई हैं। हादसा जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर गुडंबा थाना क्षेत्र के बेहटा में हुआ है।

## पीएम मोदी का चीन में भारतीय संगीत से स्वागत

**नई दिल्ली,31अगस्त।** चीन में शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक शिखर सम्मेलन के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच ऐतिहासिक मुलाकात हुई। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ के मद्देनजर इसे अहम माना जा रहा है। यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि एलएसी में तनाव के बीच यह रिश्तों का नया दौर है। पीएम मोदी का चीन में भव्य स्वागत हुआ। उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पीएम मोदी के चीन दौरे को भारत के नजरिए से महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें पीएम मोदी की शान में चीनी कलाकार भारतीय संगीत बजा रहे हैं। पुष्कर सिंह धामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पीएम मोदी के



चीन में भव्य स्वागत का वीडियो शेयर किया है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "भारत की संस्कृति और सभ्यता की गूंज अब पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत की कला और परंपराएं वैश्विक मंच पर नई पहचान बना रही हैं। चीन की धरती पर भारतीय संगीत की मधुर धुन इसका सजीव प्रमाण है।" वीडियो में चीनी कलाकार भारत के सांस्कृतिक संगीत की सुंदर प्रस्तुति दे रहे हैं और उनके पास खड़े पीएम मोदी बहुत ध्यान से उसे सुन रहे हैं। पीएम मोदी के पीछे अन्य लोग भी कलाकारों द्वारा बजाए जा रही धुन का आनंद लेते हुए देखे जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कहा कि भारत आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर चीन के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को पुनः संयोजित करने के लिए व्यापक वार्ता की।

## भारत-चीन के बीच संबंधों का नया अध्याय शुरू

**बीजिंग,31 अगस्त।** तिआनजिन स्थित गेस्ट हाउस में रविवार दोपहर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात हुई. मोदी यहां शंघाई सहयोग संगठन समिट में शामिल होने पहुंचे हैं. इस बैठक को लेकर चीनी विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी किया है. विदेश मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान के अनुसार, राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि पिछले साल कजान में हुई बैठक ने भारत-चीन संबंधों को नए सिरे से शुरू किया और तब से द्विपक्षीय सहयोग में लगातार प्रगति हो रही है. उन्होंने कहा कि चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं और दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश हैं, जिनकी जिम्मेदारी है कि वे अपने लोगों का भला करें, विकासशील देशों की एकता को मजबूत करें और मानव समाज की प्रगति में योगदान दें. बयान के अनुसार, शी जिनपिंग ने 75 साल पूरे होने पर कहा कि दोनों देशों को रिश्तों को दीर्घकालिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए. उन्होंने चार अहम बिंदु रखे- चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया, जिनपिंग ने कहा कि 'ड्रैगन और हाथी का साथ आना' दोनों देशों के लिए सही विकल्प है. वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कजान में हुई पिछली मुलाकात ने भारत-चीन रिश्तों की दिशा तय की थी और अब संबंध सकारात्मक रास्ते पर लौट आए हैं. उन्होंने बताया कि सीमा शांतिपूर्ण और स्थिर है और जल्द ही सीधी उड़ानें फिर से शुरू होंगी. पीएम मोदी ने कहा कि भारत और चीन प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि साझेदार हैं और दोनों देशों में सहमति असहमति से कहीं अधिक है. प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि भारत और चीन मिलकर एशियाई सदी को मजबूत करेंगे और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अहम योगदान देंगे.



## बर्ड फ्लू की दस्तक, दिल्ली चिड़ियाघर अनिश्चित काल के लिए बंद

**नई दिल्ली,31 अगस्त।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में बर्ड फ्लू ने दस्तक दे दी है। H5N1 एवियन इन्फ्लूएंजा यानी बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद दिल्ली जू को दर्शकों के लिए अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। चिड़ियाघर प्रशासन का कहना है कि इस वायरस को प्रसार करने से रोकने के लिए अगले 21 दिन महत्वपूर्ण है। इसके बाद ही इस चिड़ियाघर को खोलने पर निर्णय लिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले दिनों राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के जल पक्षी विहार में 2 सारस मृत मिले थे। मौत का कारण जानने के लिए मृत चित्रित सारसों के नमूने भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भेजे गए थे। 28 अगस्त को उन्होंने इन सारसों में बर्ड फ्लू की पुष्टि की। यह रिपोर्ट मिलते ही जू प्रशासन में हड़कंप मच गया। चिड़ियाघर प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि सभी पक्षियों की कड़ी निगरानी रखी जा रही है। शेर और बाघ समेत अन्य जीवों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। अधिकारी ने बताया कि H5N1 एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रसार को रोकने के लिए अगले 21 दिन बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में दर्शकों के लिए चिड़ियाघर को अनश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है।



# हिन्दी का सांस्कृतिक बोध तभी संभव जब विद्यार्थी संदर्भ ग्रंथों का करें अध्ययन : ठाकुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 अगस्त।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग में हिन्दी साहित्य परिषद का उद्घाटन बड़े उत्साह के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर उपस्थित थे।




हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने स्वागत भाषण देते हुए परिषद गठन की प्रक्रिया और उद्देश्य से विद्यार्थियों को अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं परिषद के संरक्षक डॉ. अजय सिंह ने पदाधिकारियों की घोषणा की, जिसमें अध्यक्ष पद पर राजा पटेल, उपाध्यक्ष घनश्याम, सचिव दावेंद्र, सहसचिव ईशा साहू, कार्यकारिणी सदस्य छोटेलाल, सत्यप्रकाश, हेमलता, गोकुल राम, प्रीति सिंहा, नीलेश, करिश्मा देवांगन, डमलेश्वरी, रोशनी द्विवेदी, यामिनी चतुर्वेदी एवं रेवाराम साहू मनोनीत किये गये।

प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने कहा कि साहित्य संवेदना का विस्तार है और विद्यार्थी साहित्य से जुड़कर मानवीय संवेदनाओं का विकास कर सकते हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष राजा पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी पहचान और स्वाभिमान का प्रतीक है। मुख्य अतिथि डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालयीन जीवन नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता के विकास का स्वर्णिम समय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल पर समय नष्ट करने के बजाय पुस्तक अध्ययन, चिंतन और रचनात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक सोच का अर्थ है कि हम यह मानें कि पूरा आकाश हमारा है। हिन्दी का सांस्कृतिक बोध तभी संभव है जब विद्यार्थी मूलभूत और संदर्भ ग्रंथों का अध्ययन करें। उदाहरण स्वरूप उन्होंने कहा कि जैसे सूप अच्छे और बुरे को अलग करता है, वैसे ही विद्यार्थी भी उपयोगी ज्ञान को आत्मसात करें और अनुपयोगी को त्यागें। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अम्बरीष त्रिपाठी ने किया। संचालन स्नातकोत्तर विद्यार्थी घासीदास ने किया तथा आभार प्रदर्शन हिन्दी साहित्य परिषद के सचिव दावेंद्र ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पद्मावती, डॉ. ए.के. खान, डॉ. सतीश सेन, डॉ. प्रदीप जांगड़े, प्रो. जैनेन्द्र दीवान, डॉ. रजनीश उमरे, डॉ. ओम कुमारी देवांगन, डॉ. रमणी चन्द्राकर, डॉ. शारदा सिंह, डॉ. लता गोस्वामी, शोधार्थीगण तथा स्नातक और स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गणेशोत्सव



**कवर्धा, 31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत के निवास में गणेश भगवान की विराजित मूर्ति।

## एक नजर

### सेना ने 12 घंटे में बहाल किया तवी नदी पुल पर यातायात, शिवसेना ने जताया आभार

**भिलाई, 31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जम्मू कश्मीर में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त तवी नदी के चौथे पुल को भारतीय सेना ने मात्र 12 घंटों के भीतर अस्थायी रूप से तैयार कर यातायात को बहाल कर दिया। आपदा की घड़ी में सेना के इस साहसिक और त्वरित कार्य की सराहना करते हुए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेताओं ने भारतीय सेना को सलाम किया। शिवसेना के नेता राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारतीय सेना ने प्राकृतिक आपदा में एक बार फिर फरिश्तों की तरह आकर जनता की बड़ी समस्या को दूर किया है। हमारे वीर सैनिक सीमाओं पर देश की सुरक्षा करते हैं और संकट के समय देशवासियों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसी क्रम में सुरेन्द्र यादव ने भी सेना की सराहना करते हुए कहा कि ÷सैनिक अपनी जान की बाज़ी लगाकर न केवल सीमाओं पर लड़ते हैं, बल्कि देश के भीतर आई किसी भी प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना या पुल टूटने जैसी स्थिति में भी आगे बढ़कर जनता की सेवा करते हैं। भारतीय सेना के इस योगदान पर रमेश सिंह, संदीप हटवार, गगन कुमार और सुरेश वर्मा ने भी खुशी जताई और वीर जवानों को धन्यवाद दिया।

### चाकू दिखाकर बस चालक से लूट, आरोपी फरार

**भिलाई, 31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जेवरा चौकी क्षेत्र के स्कूटी से दुर्ग बस स्टैंड की -तरफजा रहे चालक रमेश सागरवंशी के चाकू से हमला कर दिया और 200 रुपए लूट लिया मामले में पुलिस ने जर्म दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है जेवरा चौकी पुलिस ने बताया कि खपरी निवासी रमेश सागरवंशी बस चालक है। सुबह करीब 5 बजे यह स्कूटी पर सवार हो कर बस स्टैंड दुर्ग जा रहा था बदमाशों ने उसकी स्कूटी को रोक लिया उस पर चाकू से हमला कर उसके पास रखे 200 रुपए लूट लिया।

### नौकरी का झांसा देकर 13 लाख रुपए की ठगी

**भिलाई, 31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र के




नौकरी लगाने का झांसा देकर 13 लाख रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है पुलिस आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है पुलिस का कहना है कि बेरोजगार युवक ने आरोपी के झांसे में आकर 13 लाख रुपए उसके खाते में ट्रांसफर किया है।

## स्व. मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर खेलकूद का आयोजन

# खेल ही युवाओं को नशे से बचाने का सबसे बड़ा साधन : गोपाल वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 31 अगस्त।** भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आज राष्ट्रीय खेल दिवस कवर्धा जिले में गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित आउटडोर स्टेडियम कवर्धा में खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा स्व. मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने हॉकी खिलाड़ियों एवं कोच को टी-शर्ट प्रदान की। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर आर.बी. देवांगन, उपसंचालक समाज कल्याण अभिलाषा पंडा, प्रभारी जिला खेल अधिकारी एम.के. गुप्ता सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, शिक्षक एवं खेल प्रेमी नागरिक उपस्थित थे।




कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब हॉकी के जादूगर स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपने खेल कौशल और अनुशासन से न केवल देश का मान बढ़ाया, बल्कि पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की शक्ति और गौरव का प्रतीक है। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि हम बचपन से सुनते आए हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवाओं से लेकर विभिन्न आयु वर्ग के लोग नशे की लत की ओर बढ़ते जा रहे हैं, जो अत्यंत हानिकारक स्थिति है और यह बहुत तीव्र गति से फैल रही है। उन्होंने कहा कि इस बुराई से बचाने का सबसे बड़ा साधन केवल और केवल खेल है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सही मायनों में खेलों से जुड़ा रहता है, वह कभी भी नशे की ओर प्रवृत्त नहीं होता। खेलों से मानसिक संतुलन मजबूत होता है, सकारात्मक सोच का विकास होता है और जीवन में ऊर्जा का संचार बना रहता है। उन्होंने कहा कि खेल से जुड़ा हुआ व्यक्ति कभी भी डिप्रेशन का शिकार नहीं होता, क्योंकि खेल जीवन में अनुशासन, धैर्य और संतुलन की शिक्षा देता है। कलेक्टर ने युवाओं से आग्रह किया कि जीवन में चाहे जो भी खेल आपको अच्छा लगे, उसे अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाइए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेलकूद के लिए अवश्य निकालना चाहिए। यह समय केवल आपके स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए होता है और यही समय जीवन में आपको संतुलित और खुशहाल बनाए रखता है। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ बनाने का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज को नशामुक्त बनाने और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का सबसे सशक्त माध्यम है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन की शुरुआत भारत माता की जय और छत्तीसगढ़ महतारी की जय के जयकारे के साथ की। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का है, क्योंकि आज हम हॉकी के जादूगर स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपना संपूर्ण जीवन केवल और केवल हॉकी खेल को समर्पित कर दिया और अपने खेल कौशल से भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया।

## समाचार संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 अगस्त।** भठ्ठी थाना क्षेत्र के नेहरु सांस्कृतिक भवन सेक्टर - 1 में चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है भठ्ठी राजेश साहू ने बताया कि भवन का ताला टूटा पड़ा मिला जहां से चोर ने सारा सामान पार कर फरार हो गए थे भवन के भीतर पड़े आलमारी, पेटियां भी खुला पडा था चेक करने पर दृष्टिकोण नाटय संस्था के रूम मे रखे पुरानी एक नृत्य कलानुमा पीतल की मुर्ति, छोटे बडे पीतल के कप, लोहे के अन्य 'सामान गायब मिला शिकायत भठ्ठी थाने पुलिस में किया गया मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर राजीव नगर जोन 2 खुर्सीपार सुभाष चौक निवासी अनमोल कुजुर और अमित कुमार निषाद को पकड़ा गया पूछताछ करने पर पुलिस को आरोपियों ने बताया कि/भवन सेक्टर - 1 से सामान पार किया था।

## पाटन में तीन दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार, चार मोटरसाइकिलें जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 अगस्त।** पाटन थाना क्षेत्र के दोपहिया वाहनों की चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी की चार बाइक जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफचोरी के प्रकरण में कार्रवाई की अब इन आरोपियों की निगरानी बदमाश की सूची भी जारी की जाएगी पाटन टीआई अनिल साहू ने बताया कि सुरेश कुमार वर्मा ने शिकायत की 9 जनवरी 2024 को वह ड्यूटी से वापस अपने घर पाहंदा जा रहा था रात करीब 8 बजे ग्राम फुंडा एवं पुरईडीह के बीच रोड किनारे लघुशंका के लिए रुका तभी दो युवक पहुंचे और उसकी बाइक लेकर भाग गए आरोपी कुनाल यादव और लक्की वर्मा को गिरफ्तार किया पूछताछ में आरोपी करण यादव का नाम बताया उसे भी गिरफ्तार किया आरोपियों ने बाइक



चोरी करने स्वीकार किया इसके अलावा पाटन शराब भट्टी के पास तीन बाइक चोरी करना स्वीकारा। कार्यवाही में गठित टीम के सउनि. चंद्रशेखर सोनी, प्र.आर. मनीष अग्निहोत्री, आरक्षक हिमांशु जंघेल, आरक्षक खिलेश कुर्रे, आरक्षक रवि शंकर मरकाम, आरक्षक गजेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल स्पर्धाओं और सम्मान समारोह का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 अगस्त।** राष्ट्रीय खेल दिवस का उत्साह पूर्वक आयोजन किया। फिटनेस, मित्रता और उत्कृष्टता की भावना को समर्पित इस अवसर पर खेल प्रतियोगिताएँ, फिटनेस गतिविधियों और सम्मान समारोह आयोजित हुए, जिनमें कर्मचारियों तथा खेल प्रेमियों ने सक्रिय भागीदारी की।

इस आयोजन का संचालन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा किया गया। लगभग 50 कर्मचारियों, जिनमें 15 महिला कर्मचारी भी शामिल थीं, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुरुआत प्रातः मरोदा सेक्टर मैदान में मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच से हुई। इसके उपरांत सेक्टर-3 स्थित सीआईएसएफ मैदान में एथलेटिक्स स्पर्धाएँ जैसे 100 मीटर दौड़, भाला फेंक, और शॉट पुट का आयोजन किया गया। दिनभर चले इन खेल आयोजनों का समापन सेक्टर-1 स्थित पंत स्टेडियम बास्केटबॉल ग्राउंड में रोमांचक बास्केटबॉल मैच से हुआ।

आयोजन में क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के कर्मियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। विशेष सहयोग उप प्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं) अभिजीत भौमिक, एनआईएस कोच अनिरुद्ध, तथा कर्मचारियों दामोदरन, रोहित साहू, तुकाराम साहू, दीपक पटेल, शिव कुमार, ज्ञान सिंह, एन.के. मनिकपुरी, रजनीश सिंह और सुधीर यादव ने दिया। इसके अतिरिक्त मनसा कॉलेज के बीपीएड विद्यार्थियों ने भी प्रतियोगिताओं के संचालन में सराहनीय सहयोग प्रदान किया।



### चाकू दिखाकर आम लोगों को डराने-धमकाने वाले गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 अगस्त।** सुपेला थाना क्षेत्र के धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि गणेश उत्सव के मौके पर डेरा बस्ती चन्द्रा मौर्या टाकिज के पास चंन्द्रा मौर्या टकिज डेरा बस्ती निवासी आरोपी माधो लाल बाटी, रूपलाल बाटी, कोसानाला सुपेला में बाल्या भाटी लोहे का चाकु को लहराकर आमजन को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा है।

# आयुक्त के दौरे से विकास कार्यों को मिल रही है गति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 अगस्त।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के लगातार निरीक्षण और सक्रिय नेतृत्व से निगम क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी आई है।

आयुक्त न केवल परियोजनाओं की नियमित समीक्षा कर रहे हैं, बल्कि स्वयं मैदान में उतरकर कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। क्षेत्र में लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए आयुक्त पांडेय ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसकी निगरानी वे स्वयं कर रहे हैं,



जिससे निगम क्षेत्र में जल संरक्षण की दिशा में ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं।

आयुक्त ने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर निगम जिस तरह से रणनीति बना रहा है और नागरिकों को जागरूक कर रहा है, उससे भविष्य में क्षेत्र में पानी की कमी नहीं होगी। आयुक्त पांडेय ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के साथ शास्त्री उद्यान, मधु कामिनी उद्यान, बक्शी उद्यान, योगा उद्यान और राशि उद्यान का दौरा किया। इस दौरान पौधों को व्यवस्थित ढंग से लगाने और उद्यानों में निर्मित वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। सहायक अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा को भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वूमेन फॉर ट्री के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह द्वारा वृक्षारोपण और संरक्षण कार्य किया जा रहा है। आयुक्त पांडेय ने इस कार्य की समीक्षा की और महिलाओं को वृक्षों के संरक्षण के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से यह अभियान और अधिक सफल होगा। आयुक्त ने सफाई व्यवस्था को लेकर भी औचक निरीक्षण किया।

### जिले में विशेष राजस्व समाधान शिविरों से नागरिकों को मिली राहत

## 24 राजस्व निरीक्षक सर्किलों में 2,273 आवेदनों का गांव स्तर पर हुआ समाधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 31 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य शासन द्वारा कबीरधाम जिले के दूरस्थ वनांचल ग्रामों में राजस्व व्यवस्था को सुलभ, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में जिले में सात दिवसीय विशेष राजस्व समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविर के माध्यम से नागरिकों को उनके ही गांव में राजस्व से संबंधित सेवाएं सुलभ कराई गई। इसी क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों की विस्तृत बैठक ली। बैठक में 24 राजस्व निरीक्षक सर्किलों से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। कलेक्टर वर्मा ने अधिकारियों से शिविरों की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए कहा कि इस पहल से राजस्व प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय तेजी आई है। आम नागरिकों को उनकी समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही मिलना शासन की जनहितकारी नीति की बड़ी उपलब्धि है। बैठक में अपर कलेक्टर विनय पोयाम, डॉ. मोनिका कौड़ो, नरेन्द्र पैकरा सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

विशेष राजस्व समाधान शिविरों 24 राजस्व निरीक्षक सर्किलों के अंतर्गत कुल 2 हजार 585 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2 हजार 273 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। शेष 312 आवेदन अभी प्रक्रियाधीन हैं, जिनमें से अधिकांश विवादित प्रकरण हैं। कलेक्टर वर्मा ने इस स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष मामलों को भी समयबद्ध ढंग से निपटाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विवादित प्रकरणों में दोनों पक्षकारों की बात ध्यानपूर्वक सुनी जाए, आवश्यक प्रतिवेदन प्राप्त कर निष्पक्ष निर्णय लिया जाए और किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता को त्वरित, पारदर्शी और निष्पक्ष सेवा मिले। इसलिए प्रत्येक लंबित आवेदन को गंभीरता से लेते हुए निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि शिविरों के दौरान जिन प्रकार की समस्याएं अधिक सामने आई, उनका विश्लेषण कर आगे के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसे प्रकरण तेजी से सुलझाए जा सकें।

## नेहरू नगर दिगंबर जैन मंदिर में सामूहिक पूजन एवं अभिषेक कार्यक्रम का आयोजन

# सरलता, सच्चाई और ईमानदारी ही उत्तम आर्जव धर्म : अक्षयमती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 31 अगस्त।** नेहरू नगर दिगंबर जैन मंदिर में सामूहिक पूजन एवं अभिषेक का कार्यक्रम उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रीमती प्रेमलता, श्रीमती श्वेता-भरत गोधा, आशीर्वाद आर्जव गोधा परिवार व श्रीमती सरोज, श्रीमती बब्बी- राजू जैन, श्रीमती बबिता प्रदीप जैन, अंश, यश, हर्ष, हर्षिता जैन परिवार को प्राप्त हुआ। सुबह से भक्तों ने अभिषेक के उपरांत देव-शास्त्र-गुरु, सोलहकारण, पंचमेरु, दशलक्षण पूजन कर अर्घ अक्षत अर्पित किए गए।

आर्यिका माँ अक्षयमती व निर्मदमती माताजी ने प्रवचनों में बताया कि व्यक्ति बहरूपिया हो चुका हैं। वह दिखता कुछ और है, दिखाता कुछ और व होना कुछ और चाहता है ।उत्तम आर्जव धर्म का अर्थ है हृदय की सरलता, कपट और मायाचार का अभाव। जो मन, वचन और कर्म में एकरूपता रखने पर जोर देता है, अर्थात जो मन में हो वही वचन में कहा जाए और वही




कार्य किया जाए. इस धर्म के पालन से जीव का कल्याण होता है, क्योंकि यह जीवन में सच्चाई, विश्वास और ईमानदारी लाता है। आत्मा का स्वभाव सरल ही होता है, लेकिन मायाचार के कारण वह टेढ़ापन अपना लेता है. आर्जव धर्म आत्मा को उसके स्वाभाविक सरल स्वभाव में वापस ले जाने का मार्ग है।

कपटपूर्ण विचारों को त्यागने से ईमानदारी का गुण प्राप्त होता है, जो अनंत विश्वास और ज्ञान का प्रतीक है। यह धर्म पापों का नाश करके सुख और आनंद की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। रात्रिकालीन एकल भजन प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में निश्चय, आग्रह, प्रेरिता, रूपेश जैन को प्रथम व पार्थवी, अथर्व, अनंत, अपूर्व, को द्वितीय तथा हितार्थ, स्वर्णिका, आनंद जैन को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

निर्णायक की भूमिका श्रीमती निधि जैन व श्रीमती राशि जैन ने निभाई। अनुष्ठान में विधानाचार्य अनेकांत जैन के द्वारा समस्त क्रियाएँ सम्पन्न कराई गई। कार्यक्रम में गौरव जैन, संदीप विद्याश्री, सचिन जैनम रमेश नाहर, राजकुमार जैन, अशोक पहाड़िया, संयोजक जितेंद्र जैन सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# राजस्व क्षति कौन वहन करेगा?

जीएसटी की 28 और 12 प्रतिशत की दरें खत्म करने से 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व क्षति होगी। इस नुकसान को कौन वहन करेगा? क्या इसे राज्यों को भी साझा करना होगा? अथवा, केंद्र उन्हें मुआवजा देगा? अब साफ है कि बिना प्रक्रियाओं को पूरा किए प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के ढांचे में परिवर्तन की घोषणा कर दी। घोषणा के पहले इस बारे में आम सहमति बनाने के किसी प्रयास का संकेत भी नहीं है। अब चूंकि नरेंद्र मोदी दिवाली का ये उपहार देने का एलान कर चुके हैं, तो उसे साकार करने की भाग-दौड़ मची है। गुजरे हफ्ते जीएसटी से संबंधित मंत्रियों के समूह ने इस कर व्यवस्था के तहत सिर्फ दो दरें (पांच और 18 प्रतिशत) रखने की सिफारिश को मंजूरी दी। ये अनुशंसा जीएसटी काउंसिल को भेजी गई है। काउंसिल की बैठक 3-4 सितंबर को बुलाई गई है। उसमें निर्णय लेने का प्रयास किया जाएगा। मगर इस बीच कई सवाल हैं। वित्तीय अखबारों के आकलन के मुताबिक 28 और 12 प्रतिशत की दरें खत्म करने से 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व क्षति होगी। इस नुकसान को कौन वहन करेगा? क्या इसमें उन राज्य सरकारों को भी साझा करना होगा, जिनकी पहले से सहमति प्राप्त नहीं की गई? अथवा, राज्य सरकारों के नुकसान की क्षतिपूर्ति केंद्र करेगा? केंद्र का 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.8 प्रतिशत के बराबर रहा था। अधिकांश राज्य भी भारी घाटे में हैं। प्रत्यक्ष नकदी ट्रांसफर की लोक-लुभावन योजनाओं ने पहले ही उन्हें वित्तीय संकट में डाल रखा है। ऐसे में मुख्य प्रश्न है कि कुल घाटे को भरने का क्या तरीका केंद्र सुझाएगा? इस सिलसिले में यह भी उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर लगाए जा रहे प्रतिबंध से राजकोष को तकरीबन 20,000 करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। इन तथ्यों को जीएसटी के मौजूदा ढांचे को बनाए रखने के पक्ष में दलील के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। जीएसटी को सरल करने की जरूरत है। बल्कि बेहतर तो यह होगा कि पेट्रोलियम पर उत्पाद शुल्क के बोझ से भी लोगों को राहत दी जाए। मगर साथ ही राजस्व का प्रश्न है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन कारोबार में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी आय-व्यय को ध्यान में रखकर व्यय करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी आय बढ़ने से खुशी होगी। आपका डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है। आप किसी से काम को लेकर कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आपके बॉस से आपकी कहासुनी हो सकती है। आपके सहयोगी आपके किसी काम को लेकर मदद करेंगे, जिससे वह काम आसानी से पूरा हो जाएगा। आप अपने घर के लिए किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम की खरीदारी कर सकते हैं।

**मिथुन** आज आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे और सरकारी मामलों में कोई काम था, तो उसे पूरा होने में थोड़ा देरी होगी। आप यदि किसी संपत्ति के खरीद-फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह डील फाइनल हो सकती है। आपको अपने पर्सनल कामों को लेकर किसी अजनबी से कोई सोच विचार नहीं करना है। आप अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सेहत पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ समस्याएं हो सकती हैं। आप अपने मन में किसी काम को लेकर नकारात्मक विचारों को ना लाएं। नौकरी में बदलाव के योग बनते दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि आपको किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है। आप संतान को किसी नए कोर्स में दाखिला दिलाने की तैयारी कर सकते हैं। आप जीवनसाथी को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जाएंगे।

**सिंह** आज का दिन किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। कानूनी मामले में आपको जीत मिलने से खुशी देगा। आप यदि प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं, तो आपको किसी बड़ी डील के मिलने से आपकी आय भी बढ़ेगी और आप अपने खर्चों को आसानी से कर पाएंगे। आपके मन में कुछ नया करने के लिए उथल-पुथल लगी रहेगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले।

**कन्या** आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए कुछ कठिनाइयां लेकर आएगा। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपके पिताजी यदि आपको कोई जिम्मेदारी दें, तो आप उसमें ढील बिल्कुल ना दें। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर भी समझदारी दिखानी होगी। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। जो लोग घर से दूर काम कर रहे हैं, उन्हें लापरवाही करने से बचना होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर निराशा हाथ लगेगी। आपका मन भी परेशान रहेगा। यदि आपने बिना सोचे समझे किसी योजना में धन लगाया, तो उसके डूबने की संभावना है। आपको कार्यक्षेत्र में कामों में परिवर्तन करना होगा। आपको अपनी संतान की सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतनी होगी। आपने यदि किसी अजनबी पर भरोसा किया, तो वह आपको धोखा दे सकता है। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ेगा।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपके मन में खुशियां भरपूर रहेंगी। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप अपनी सेहत के प्रति सचेत रहें। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होंगी। आपका कुछ नया बदलाव अपने व्यवसाय में कर सकते हैं।

**धनु** आज आपके मन में किसी बात को लेकर टेंशन बनी रहेगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप अपने कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, जिससे उनमें कोई गड़बड़ी हो सकती है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मकर** आज का दिन आपके लिए सुख-साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे लोगों के लिए दिन बढ़िया रहेगा। आप अपने कामों को लेकर किसी यात्रा पर भी जा सकते हैं। कोई कानूनी मामला आपको थोड़ी टेंशन देगा, जिसके लिए आपको किसी अच्छे वकील से बातचीत करनी होगी। आप अपने घर में जरूरत की चीजों की खरीदारी पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। किसी अतिथि के आगमन होने से माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**कुंभ** आज के दिन आप कामों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आपका आत्मविश्वास भी कमजोर रहेगा। आपके मन में किसी काम को लेकर संशय हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें। माताजी की सेहत में गिरावट आने से आपको सावधानी बरतनी होगी और खर्चों में वृद्धि होगी। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाएंगे। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने से खुशी होगी। संतान को पढ़ाई-लिखाई को लेकर आप कहीं बाहर भेज सकते हैं।

**मीन** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर बेवजह क्रोध न करें। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप माहौल को शांत करने की कोशिश करें। आप अपने बिजनेस में किसी काम को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे, जिसके लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह की आवश्यकता होगी। राजनीति की ओर कार्यरत लोगों की छवि ओर निखरेगी, उन्हें किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है।

# पोषण भी पढ़ाई भी: भारत के भविष्य के लिए खेल-आधारित शिक्षा

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**



यदि हमें विकसित भारत का निर्माण करना है, तो हमें शुरुआत — अपने सबसे छोटे नागरिकों की क्षमता के विकास से करनी होगी, जहाँ से जीवन का आगाज़ होता है। आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की खिलखिलाती हँसी में, उनके द्वारा गायी जाने वाली कविताओं में और उनके द्वारा बनाए जाने वाले ब्लॉक में हमारे राष्ट्र के भविष्य का सामर्थ्य आकार लेता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने अपने सबसे छोटे नागरिकों को अपनी विकास यात्रा के केंद्र में रखा है। प्रधानमंत्री ने—न केवल विश्वविद्यालयों और डिजिटल बुनियादी ढाँचे में निवेश करके, अपितु बच्चे के जीवन की पहली कक्षाः आंगनवाड़ी के अतिशय महत्व को पहचानते हुए हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को नए सिरे से परिभाषित किया है।

आज के भारत में, खेल अब सिर्फ़ मनोरंजन भर नहीं, अपितु —नीति है। और इसके परिणाम बिल्कुल स्पष्ट और विश्वसनीय हैं । पिछले एक दशक में, मोदी सरकार ने प्रारंभिक बाल्यावस्था के विकास के प्रति अपने दृष्टिकोण को मूलभूत रूप से पुनर्परिभाषित किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 निर्णायक मोड़ साबित हुई, जिसमें यह स्वीकार किया गया कि मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास छह साल की उम्र से पहले ही हो जाता है। यदि हम स्मार्ट, स्वस्थ और अधिक उपयोगी आबादी चाहते हैं, तो हमें वहाँ निवेश करना होगा जहाँ इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है—जीवन के शुरुआती छह वर्षों में।

वैज्ञानिक प्रमाण इस बदलाव का समर्थन करते हैं। सीएमसी वेल्लोर के क्लिनिकल महामारी विज्ञान विभाग द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जिन बच्चों को 18 से 24 महीने तक व्यवस्थित प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) मिली, उनके आईक्यू में—पाँच साल की उम्र तक 19 अंक तक, और नौ साल की उम्र तक तो 5 से 9 अंक तक की उल्लेखनीय और स्थायी वृद्धि देखी गई। विकासशील भारत के लिए ये वृद्धि बेहद महत्वपूर्ण है।

भारत के ये निष्कर्ष वैश्विक शोध के अनुरूप हैं। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययनों से पता चलता है कि




पाँच साल की उम्र से पहले गुणवत्तापूर्ण ईसीसीई कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों में उच्च आईक्यू, बेहतर सामाजिक कौशल और बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन की संभावना 67 प्रतिशत अधिक होती है। जैसा कि नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. जेम्स हेकमैन की प्रसिद्ध उक्ति है,"जितनी जल्दी शुरुआत,उतने बेहतर परिणाम—और उतने ही कुशल रिटर्न" उनके शोध में अनुमान व्यक्त किया गया है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में निवेश से 13-18 प्रतिशत तक रिटर्न मिलता है—जो शिक्षा या नौकरी के प्रशिक्षण के किसी भी अन्य चरण से अधिक है।

ईसीसीई के आर्थिक और सामाजिक दोनों ही प्रकार के महत्व को समझते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने पोषण भी पढ़ाई भी नामक एक पहल शुरू की है, जिसने आंगनवाड़ी केंद्रों को जीवंत प्रारंभिक शिक्षा केंद्रों में तब्दील कर दिया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पहली बार स्थानीय और स्वदेशी सामग्रियों का उपयोग कर गतिविधि-आधारित और खेल-उन्मुख दृष्टिकोणों पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यवस्थित रूप से ईसीसीई में प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिक्षण-अधिगम सामग्री के लिए बजट आवंटन में भी पर्याप्त वृद्धि की गई है, और मासिक ईसीसीई दिवसों को संस्थागत रूप दिया गया है। आज, आंगनवाड़ी केंद्र केवल पोषण का स्थान नहीं है—यह प्रत्येक बच्चे की पहली पाठशाला है, जो जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और समग्र विकास का पोषण करती है।

मंत्रालय ने इस परिवर्तन को दिशा देने के लिए 3-6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम-आधारशिला, की शुरुआत की है। आधारशिला बच्चों के केवल बौद्धिक विकास पर ही नहीं, बल्कि भावनात्मक, शारीरिक और सामाजिक कल्याण पर भी ज़ोर देते हुए समग्र विकास पर केंद्रित है। यह खेल के माध्यम से सीखने की व्यवस्थित प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है, जिससे बच्चों को सहयोगपूर्ण वातावरण में बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलता है।

बच्चे खेलने के प्रति सहज रूप से आकर्षित होते हैं - अपनी दुनिया के कोने-कोने को खोज और आनंद के स्थान में तब्दील कर देते हैं। सही वातावरण के साथ यह प्रवृत्ति आजीवन सीखने की नींव बन जाती है। पोषण भी पढाई भी सुरक्षित, व्यवस्थित और प्रेरक वातावरण प्रदान करके इस भावना को पोषित करती है जहाँ बच्चे निर्देशित खेल और शिक्षा के माध्यम से फल-फूल सकते हैं। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) हमारे देश के भविष्य को आकार देने में बुनियादी भूमिका निभाती है। पोषण भी पढाई भी पहल के तहत, देश भर के आंगनवाड़ी केंद्रों को समग्र प्रारंभिक शिक्षा के लिए पोषण स्थलों में बदला जा रहा है। व्यवस्थित आधारशिला की 5+1 साप्ताहिक योजना यह सुनिश्चित करती है कि दिन की शुरुआत 30 मिनट के उन्मुक्त खेल से हो, उसके बाद भाषा, रचनात्मकता, मोटर स्किल और सामाजिक संपर्क को बढ़ाने वाली व्यवस्थित गतिविधियाँ हों। दोपहर के पौष्टिक भोजन और आराम के बाद, दिन का समापन बाहरी खेल और बातचीत के साथ होता है, जो मूल्यों को सुदृढ़ करता है और भावनात्मक संबंध बनाता है।

व्यवस्थित और निर्बाध खेल के प्रति यह संतुलित दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है, खासकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के आलोक में, जिसने औपचारिक स्कूल प्रवेश की आयु को छह वर्ष कर दिया है। व्यवस्थित ईसीसीई यह सुनिश्चित करती है कि बच्चे भावनात्मक, सामाजिक और संज्ञानात्मक रूप से स्कूल के लिए तैयार हों। देश भर के अभिभावकों का बढ़ता विश्वास वास्तव में उत्साहजनक है। जो परिवार पहले कभी आंगनवाड़ियों को केवल पोषण केंद्र मानते थे, अब उन्हें अपने बच्चे की शिक्षा की यात्रा में पहला कदम मानते हैं।

भारत में हर बच्चा जन्म से ही मज़बूत शुरुआत का हक़दार है। जन्म से तीन साल तक की आयु वर्ग के बुनियादी महत्व को समझते हुए मंत्रालय ने प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रोत्साहन के लिए राष्ट्रीय ढाँचा- नवचेतना की भी शुरूआत की है। यह पहल माता-पिता और देखरेखकर्ताओं को बच्चों के विकास के लिए घर पर ही सरल, खेल-आधारित, आयु के -उपयुक्त गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाती है।

माता-पिता की भागीदारी बच्चे के विकास की कुंजी है। जहाँ एक ओर उच्च आय वाले परिवार खिलौनों और किताबों में निवेश कर सकते हैं, वहीं सरकार की भूमिका कम आय वाले परिवारों के लिए समान अवसर प्रदान करने की है। नवचेतना और पोषण भी पढ़ाई भी के माध्यम से, हम भारत के कोने- कोने में हर बच्चे को शुरू से ही आवश्यक प्रोत्साहन, देखभाल और पोषण मिलना सुनिश्चित करते हुए इस अंतर को पाट रहे हैं।

यदि भारत को सही मायनों में विकसित बनना है, तो हमारी युवा पीढ़ी को जीवन की सही शुरुआत के साथ सशक्त बनाना होगा। खेल कोई विलासिता नहीं है—यह सीखने का आधार है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारत के प्रत्येक बच्चे को सीखने, बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिले—क्योंकि राष्ट्र निर्माण की शुरुआत उसके सबसे छोटे नागरिकों के पोषण से होती है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर जुल्म का सिलसिला जारी

**मनोज कुमार अग्रवाल**



बांग्लादेश में यौन हिंसा का एक खतरनाक दौर जारी है। देश में विशेष रूप से हिंदू, ईसाई, बौद्ध और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं और बच्चों को शामिल किया जा रहा है, जो मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत महामारी जैसी स्थिति में पहुंच गया है। बांग्लादेश अल्पसंख्यकों के लिए मानवाधिकार कांग्रेस (एचआरसीबीएम) ने हाल ही मे अपनी एक रिपोर्ट में बेहद शर्मसार करने वाली जानकारी साझा की है।

ढाका स्थित मानवाधिकार संगठन ऐन ओ सलीश सेंटर (एएससीई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 की पहली तिमाही के दौरान तीन महीने से भी कम समय में आधिकारिक तौर पर बलात्कार के 342 मामले दर्ज किए गए थे। इन मामलों में से 87 प्रतिशत में पीड़ित 18 साल से कम उम्र की लड़कियाँ थीं।इनमें से 40 पीड़ित किशोर बारह से लेकर छह वर्ष की आयु के बीच के बच्चे थे, जबकि सामूहिक बलात्कार की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिनमें से अधिकांश पीड़ित किशोर अवस्था शामिल हैं। अधिकार संस्था के अनुसार, ये वैज्ञानिक सिद्धांत तो बस एक छोटे से हिस्से में हैं, और वास्तविक संख्या हजारों में है, जो शैले, भय और राज्य की निष्क्रियता के कारण बनी हुई है।

बांग्लादेश में बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के ज्यादातर मामले सामाजिक कलंक, बदले की कार्रवाई के डर और न्याय व्यवस्था में अविश्वास के कारण दर्ज नहीं हो पाए।अल्पसंख्यक महिलाओं और लड़कियों के मामले में तो यह महिला और भी गहराई में है। मुक़दमे में धार्मिक भेदभाव के आरोप परिवार को न्याय से भिन्न मिलते हैं, जिससे अपराध दर्ज नहीं होता और सज़ा नहीं होती। एचडीएफसीसीबीएमजारी द्वारा एक बयान में कहा गया है, "कई मामलों में, देश भर में महिलाएं और लड़कियों के शव मिले हैं जो सिर तक गायब हैं और उनकी पहचान असंभव हो गई है। इसमें दस्तावेजों के चरित्र का पता चलता है।"

यूनुस शासन के तहत बांग्लादेश (बांग्लादेश) में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों के बारे में, मानवाधिकार संस्था ने कहा कि निराधार आंदोलन और बढ़ते जनाक्रोश के बावजूद, एक प्रमुख हिंदू नेता को आतंकवादी करार दे कर सनातनी चिन्मय कृष्ण दास नवंबर से जेल में बंद हैं।

आपको पता रहे कि 5 अगस्त, 2024 को बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद उनके प्रबल विरोधी 'मोहम्मद यूनुस' के नेतृत्व में बंगलादेश की अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बंगलादेश में राजनीतिक अस्थिरता व्याप्त है।

वहां हिंदुओं, बौद्धों, ईसाइयों व अन्य गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए हैं। गत वर्ष 4 अगस्त से इस वर्ष जुलाई 2025 के बीच साम्प्रदायिक हिंसा की 2500 घटनाएं हो चुकी हैं तथा इस्लामिक कट्टरवादियों ने एक वर्ष के दौरान कम से कम 79 मंदिरों में तोड़-फोड़ की है।

भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यूनुस सरकार का ध्यान अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की ओर दिलाने के बावजूद हालात ज्यों के त्यों हैं। बंगलादेश की 'अल्पसंख्यक मानवाधिकार कांग्रेस' के अनुसार "बंगलादेश की अंतरिम सरकार का वहां की कानून-व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं रहा। देश में अल्पसंख्यकों के विरुद्ध हिंसा की खतरनाक लहर चल रही है।" बंगलादेश के मानवाधिकार संगठन की रिपोर्टों के हवाले से 'अल्पसंख्यक मानवाधिकार कांग्रेस' ने बताया है कि 2025 की पहली तिमाही के दौरान वहां आधिकारिक तौर पर बलात्कार के 342 मामले दर्ज किए गए।

यहां तक कि बंगलादेश में दिव्यांग लड़कियां भी सुरक्षित नहीं हैं। इसी वर्ष जून में 7 दिव्यांग लड़कियों से बलात्कार किया गया। अधिकांश मामलों में महिलाओं व लड़कियों के सिर विहीन शव पाए गए हैं।

यहां आपको बता दें कि सबसे बुरी बात यह है कि अब बंगलादेश की अदालतों में मामले धार्मिक पूर्वाग्रह आधार पर तय किए जा रहे हैं जिस कारण वास्तविक दोषियों के विरुद्ध केस दर्ज नहीं होते और पीड़ितों को न्याय ही नहीं मिलता। कई अधिकार समूहों के अनुसार बंगलादेश में वर्ष 2024 और मई 2025 के बीच राजनीतिक वर्करों तथा छोटे कारोबारियों व अन्य लोगों सहित भीड़ द्वारा की गई हिंसा में 174 से अधिक लोग मारे गए हैं व 500 से अधिक फैक्टरियां बंद हो जाने से 1 वर्ष में 1.20 लाख लोग बेरोजगार हो चुके हैं।

इतना ही नहीं गत मास एक 'झूठे फेसबुक अकाऊंट' से की गई टिप्पणियों के आधार पर 'रंजन' नामक एक निर्दोष हिंदू छात्र की गिरफ्तारी के बाद इस्लामिक कट्टरवादियों द्वारा 'अलदादपुर' गांव में स्थित उसके घर सहित 30 से अधिक हिंदुओं के मकानों पर हमला करके लूट लिया गया।कट्टरपंथी अल्पसंख्यकों को धर्म परिवर्तन करने या देश छोड़ने तथा सरकारी नौकरियों से त्यागपत्र देने के लिए विवश करने के अलावा देश के मंदिरों के प्रबंधकों को पत्र भेज कर उनसे इस्लाम अपनाने या बंगलादेश छोड़ने को भी कह रहे हैं। 'शेख हसीना' की सरकार का तख्ता पलटने के बाद 1 वर्ष के दौरान बंगलादेश की सरकार ने भारत के साथ अपने रिश्ते काफी बिगाड़ लिए हैं। एक ओर हिंदुओं पर हो रहे हमलों ने भारत और बंगलादेश के संबंधों में तनाव बढ़ाया है तथा दूसरी ओर मोहम्मद यूनुस की चीन और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। 1971 में अपनी स्थापना के बाद से शेख मुजीबुर्रहमान ने बंगलादेश में जो सामाजिक सुधार किए थे, वे सुधार अब इतिहास बन गए हैं और बंगलादेश भी पाकिस्तान की तरह धार्मिक कट्टरवाद की ओर बढ़ रहा है।

बांग्लादेश की सरकार कट्टरपंथियों के दबाव में अपने ही अतीत और इतिहास को मिटाने पर अमादा है जो वहां बंगलादेश के जन्मदाता 'शेख मुजीबुर्रहमान', 'गुरुदेव रबींद्र नाथ टैगोर' और फिल्मकार 'सत्यजीत रे' जैसी महान हस्तियों के मकानों को नष्ट करने तथा वहां की पाठ्य पुस्तकों से उनका उल्लेख एवं 'शेख मुजीबुर्रहमान' और बंगला मुक्ति संग्राम संबंधी अध्याय निकालने से स्पष्ट है।भारत के पड़ोस में इस तरह का परिवर्तन न तो बंगलादेश के लिए अच्छा है और न ही भारत के लिए। आपको बता दें कि कुछ दिनों पहले संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने भी मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार पर धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है. रिपोर्ट में हिंदुओं, अहमदिया मुसलमानों और आदिवासियों पर हुए हमलों की जानकारी दी गई है. रिपोर्ट में कहा गया है कि अवामी लीग के नेताओं, अल्पसंख्यकों और चटगांव पहाड़ी इलाकों के आदिवासियों के खिलाफ हिंसा को दबाने के प्रयास किए गए। बांग्लादेश में दुर्गा पूजा में भी पिछले कुछ सालों से कट्टरपंथी तत्व अड़चन डालते हैं। हिन्दू अल्पसंख्यकों में आने वाले दिनों में दुर्गा पूजा को लेकर असमंजस और असुरक्षा की भावना बनी है। देखना है कि वहां की सरकार अल्पसंख्यक हिन्दुओं के लिए अपने रूख में सहिष्णुता दर्शाती है या चरमपंथियों के सामने घुटने टेकती है।

# मूड के हिसाब से बनाएं डाइट और रहें हमेशा हैप्पी-हैप्पी



मूड और फूड का आपस में गहरा कनेक्शन होता है। जब भी हमारा मूड अच्छा नहीं होता है तो कुछ ना कुछ टेस्टी खाने का मन करता है या फिर जब भी हम अपनी पसंद का कुछ खा लेते हैं तो तुरंत ही मूड बदल जाता है। जब कभी थकान होती है तो बस अदरक वाली चाय पीने का मन करता है और जब हम खुश होते हैं तो कुछ मीठा खाना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूड से हमारे फूड का गहरा कनेक्शन होता है। यही वजह है कि मूड-बेस्ड मील प्लान फॉलो करना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि आप अपने खाने को अपने इमोशन्स से मैच करते हैं और इससे खाना सच में आपके मूड को सपोर्ट करे।

आपको यह समझना चाहिए कि खाना सिर्फ पेट भरने के लिए नहीं है, बल्कि यह सीधे दिमाग़ और हार्मोन्स पर असर डालता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप किस तरह मूड बेस्ड डाइट ले सकते हैं-

**स्ट्रेस में खाएं ये चीजें**-जब आप खुद को स्ट्रेस में फील करते हैं तो ऐसे समय में मैग्नीशियम और विटामिन बी से भरपूर चीज़ें जैसे पालक, ड्राई फ्रूट्स, बीज और ओट्स आदि का सेवन करना चाहिए। ये फूड्स आपके नर्वस सिस्टम को शांत करते हैं और स्ट्रेस हार्मोन कम करते हैं। जिससे आप खुद को रिलैक्स्ड फील करते हैं। इसके अलावा, हर्बल चाय या सूप का सेवन करना भी काफी अच्छा माना जाता है।

**लो फील करने पर खाएं ये चीजें** -लो फील करने पर आपको कंफर्ट फूड का सेवन करने का मन करता है। ऐसे में आपको हेल्दी ऑप्शन जैसे डार्क चॉकलेट, केला और बेरीज़ को चुन सकते हैं। इससे हैप्पी हार्मोन रिलीज होते हैं, जिससे आपका मूड अच्छा होता है। आप चाहें तो गरम-गरम खिचड़ी, दाल-चावल या वेज पास्ता जैसी चीजों का सेवन भी कर सकते हैं।

**गुस्सा आने पर खाएं ये चीजें**-अगर आपको बहुत अधिक गुस्सा आ रहा है तो ऐसे में आपको कुछ ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिनकी तासीर ठंडी हो। इस दौरान आप खीरा, दही, नारियल पानी और सलाद आदि खा सकते हैं। कोशिश करें कि इस दौरान आप मसालेदार या ऑयली फूड ना खाएं, क्योंकि इससे आप अधिक इरिटेटिड महसूस करेंगे।

## सू-दोकू-156

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र155 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## एक नजर

### आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ 1 सितंबर से

**राजनांदगांव 31 अगस्त।** भारत सकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय अंचलों में सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ''आदि कर्मयोगी अभियान-रेस्पॉन्सिव गवर्नेस प्रोग्राम के तहत राजनांदगांव जिले में 1 सितंबर 2025 से श्री रजवाड़ा होटल एण्ड रेस्टोरेंट में डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेसिव लैब की शुरूआत की जा रही है। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जनजातीय समुदायों के विकास के लिए एक प्रभावी रोडमैप तैयार करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, पीएचई, पंचायत, वन, राजस्व एवं आदिवासी विभाग के कर्मचारियों के साथ गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के कुल 40 प्रतिभागी शामिल होंगे। सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजनांदगांव जिले के 105 गांवों का चयन किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों को जनजातीय विकास के विभिन्न पहलुओं और सरकारी योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### एग्रीस्टेक पोर्टल में 94 प्रतिशत किसानों ने कराया पंजीयन



**राजनांदगांव 31 अगस्त ।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए एग्रीस्टेक के तहत कृषक पंजीयन हेतु राजस्व, कृषि एवं सहकारी विभाग को निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में आज कृषक पंजीयन के अंतिम दिवस जिले के लगभग 94 प्रतिशत किसानों ने कृषक पंजीयन करा लिया है। कुल 1 लाख 17 हजार 512 किसानों ने एग्रीस्टेक के अंतर्गत कृषक पंजीयन कराया है। जिले में कृषि विभाग द्वारा मिशन मोड में कृषक पंजीयन के लिए कृषक जोड़ो अभियान चलाया गया था। जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत कृषक पंजीयन के लिए कृषक जोड़ो अभियान के तहत लगातार कृषकों का पंजीयन कराने के लिए जागरूक किया गया। छूटे हुए किसानों का पंजीयन कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए पाम्प्लेट, पोस्टर के माध्यम से भी जानकारी दी गई। शेष किसानों का पंजीयन तकनीकी दिक्कतों का कारण नहीं हो सका है। जिसमें फार्मर रजिस्ट्री वेबपोर्टल में अपलोड डाटा वर्तमान में राजस्व रिकार्ड के डाटा जैसे क्रय-विक्रय, फौती नामांतरण, बंटवारा नामांतरण के पश्चात् एंट्री, भूमि स्वामी के नाम का मिलान नहीं होने, महिला कृषकों के जमीन रिकार्ड में पिता का नाम एवं आधार कार्ड में पति का नाम दर्ज होने के कारण एवं अन्य तकनीकी कारणों से शेष कृषकों का पंजीयन नहीं हुआ है। शीघ्र ही छुटे हुए किसानों का पंजीयन भी हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि जिले में पूर्व वर्ष में धान बिक्री करने वाले किसानों की संख्या 1 लाख 25 हजार 610 है। जिसमें से 1 लाख 17 हजार 512 किसानों ने एग्रीस्टेक के अंतर्गत कृषक पंजीयन कराया है।

### 50 बल्क लीटर महुआ मदिरा जब्त



**बलौदाबाजार, 31 अगस्त।** आबकारी विभाग की टीम ने अवैध मदिरा निर्माण पर कार्यवाही करते हुए 50 बल्क लीटर महुआ मदिरा जब्त किया गया और तालाब किनारे 27 प्लास्टिक झिलियाँ मे 540 किलो मदिरा निर्माण योग्य लाहन को विधिवत नष्ट किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग को सूचना मिली कि ग्राम सुढेली में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है। सूचना के आधार पर शुक्रवार को वहां दबिश देकर विधिवत तलाशी लेने पर 15 लीटर क्षमता वली 3 प्लास्टिक जरीकेन में कुल 45 बल्क लीटर महुआ मदिरा और 05 लीटर क्षमता वाली 01 प्लास्टिक जरीकेन मे लगभग 05 बल्क लीटर महुआ मदिरा कुल-50 बल्क लीटर महुआ मदिरा जब्त किया गया और तालाब किनारे 27 प्लास्टिक झिलियाँ मे 540 किलो मदिरा निर्माण योग्य लाहन को विधिवत नष्ट किया गया।

# बीजापुर और सुकमा के सात माओवादियों ने तेलंगाना में किया आत्मसमर्पण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 31 अगस्त।** नक्सल मोर्चे पर सुरक्षा बलों को एक और बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ के सात माओवादियों ने शनिवार को तेलंगाना के मुलुगु जिला मुख्यालय में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में वापसी किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में चार महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पण करने वालों में एरिया कमेटी सदस्य, पार्टी सदस्य और मिलिशिया सदस्य शामिल हैं, जिनकी जिम्मेदारियां आरपीसी स्तर तक थी। इनमें से छह माओवादी बीजापुर जिले से हैं, जबकि एक सुकमा जिले के कोंटा क्षेत्र का रहने वाला है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर जिले में लगातार बढ़ते दबाव और सुरक्षा बलों की सघन कार्रवाई के चलते माओवादी संगठन अब कमजोर पड़ चुका है। ग्रामीणों की ओर से सहयोग बंद होने और भोजन-राशन की आपूर्ति में आ रही कठिनाइयों के कारण भी कैडर आत्मसमर्पण का रास्ता चुन रहे हैं।

आत्मसमर्पण के दौरान मुलुगु जिले के पुलिस अधीक्षक ने सभी को 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इसके साथ ही उनके पदों के अनुसार सात लाख रुपये तक की अतिरिक्त राशि बैंक खातों में जमा कराई जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने आत्मसमर्पित माओवादियों से समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर सामान्य जीवन जीने की अपील की है।

# मनकेली मार्ग पर 10 किलो आईईडी बरामद, सुरक्षा बलों ने किया निष्क्रिय

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 31 अगस्त।** सुरक्षा बलों की सतर्कता से शनिवार को एक बड़ी घटना टल गई। थाना बीजापुर क्षेत्रांतर्गत गोरना मनकेली मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए 10 किलो के कमांड आईईडी को पुलिस और बीडीएस टीम ने बरामद कर मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

जानकारी के अनुसार, डीआरजी बीजापुर, थाना बीजापुर पुलिस एवं बीडीएस टीम नियमित डिमाईनिंग ड्यूटी पर गोरना मनकेली मार्ग पर निकली थी। इस दौरान सड़क किनारे उन्हें इलेक्ट्रिक तार दिखाई दिया।

संदेह होने पर क्षेत्र की सघन तलाशी ली गई, जिसमें स्टील टिफिन के अंदर छिपाकर रखा गया लगभग 10 किलो का आईईडी बरामद हुआ। यह आईईडी लगभग 70 से 80 मीटर लंबी बिजली की तार से जुड़ा हुआ था, जिसे किसी भी समय विस्फोट कर बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता था।

बीडीएस टीम ने मौके पर ही पूरे सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आईईडी को नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि समय रहते आईईडी बरामद होने से सुरक्षा बलों व आम नागरिकों के संभावित बड़े नुकसान को टाला जा सका है। यह कार्रवाई माओवादियों के नापाक मंसूबों को विफल करने और सुरक्षा बलों की सतर्कता का स्पष्ट उदाहरण है।

# नाव हादसा : पांच दिन बाद मासूम बच्चियों का मिला शव, पूरे गांव में पसरा मातम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 31 अगस्त।** लगातार हुई भीषण बारिश और बाढ़ ने बुरी तरह से जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं दो मासूम जिंदगियों को भी लील लिया है। जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक अंतर्गत चिंगेर गांव की दो छात्राओं का शव शनिवार को इंद्रावती नदी से बरामद हुआ।

घटना बीते सोमवार की है, जब पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्राएं शर्मिला और उर्मिला नलगोंडा घाट से नाव के जरिए नदी पार कर रही थीं। इसी दौरान नाव अचानक पलट गई और दोनों बच्चियां तेज बहाव में बह गईं। हादसे की सूचना मिलते ही नगर सेना की टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया, लेकिन लगातार पांच दिनों तक बच्चियों का कोई सुराग नहीं मिल सका।

शनिवार सुबह ग्रामीणों ने नदी के अलग-अलग घाटों पर पेड़ों और झाड़ियों में शव फंसा देखा और इसकी जानकारी प्रशासन को दी।



सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग और नगर सेना की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला। एक शव नलगोंडा क्षेत्र में पेड़ों में फंसा मिला, जबकि दूसरा शव पांडे मुर्गा गांव के पास झाड़ियों से बरामद किया गया।

नगर सेना की मदद से दोनों शवों को सुरक्षित बाहर निकालकर नदी किनारे लाया गया और कानूनी औपचारिकताओं के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। अपनी बेटियों का पांच दिनों से इंतजार कर रहे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। शव मिलने की खबर फैलते ही गांव में मातम का माहौल छा गया और हर कोई इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध है।

# आकांक्षी जिले के प्रभारी ने स्कूल,लैब, लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

## छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सक्षम बनाने पर दिया जोर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 31 अगस्त।** आकांक्षी जिला बीजापुर के प्रभारी अधिकारी श्री अन्बलगन पी ने जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न विकासपरक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, पुस्तकालय और रोजगार से जुड़ी योजनाओं को सराहते हुए कहा कि ये पहल बच्चों व युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी।

प्रभारी अधिकारी सबसे पहले स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने एस्ट्रोनॉमी लैब का अवलोकन किया, जहां बच्चों ने ग्रह-नक्षत्र, ज्वालामुखी, भूकंप और खगोलीय घटनाओं की



जानकारी दी। लैब में उपलब्ध फिजिक्स और केमिस्ट्री संबंधी सामग्री को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से और अधिक सक्षम बनाने के लिए विजुअल और डिजिटल माध्यम का उपयोग बढ़ाना चाहिए।

इसके पश्चात उन्होंने सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यहां उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन करते हुए उन्होंने आधुनिक गेमिंग जोन, वीआर सेट और टेलिस्कोप की सराहना की। उन्होंने स्वयं वीआर सेट का प्रयोग कर अनुभव साझा किया और इसे युवाओं की शिक्षा व जानकारी अर्जित करने में उपयोगी बताया।

प्रभारी अधिकारी ने जिले की गारमेंट फैक्ट्री का भी भ्रमण किया। यहां कार्यरत महिलाओं से बातचीत कर उन्होंने प्रशासनिक प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह पहल विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की महिलाओं के लिए बड़ा सहारा है। वर्तमान में फैक्ट्री में 200 से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं। उन्होंने महिलाओं को दिए जा रहे मानदेय व प्रशिक्षण की जानकारी लेकर इसे अनुकरणीय कदम बताया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर बाल गृह व स्कूलों में किया गया खेलकूद का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 31 अगस्त।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए किया गया।

कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के नेतृत्व में संपन्न



हुआ। इस अवसर पर बाल गृह टुमारोज फाउंडेशन और बालिका गृह के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को बताया गया कि राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मनाया जाता है। वे भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी थे जिन्होंने ओलंपिक खेलों में देश को स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय खेल जगत में उनके योगदान को स्मरण करते हुए बच्चों को खेलों के महत्व और उनके समग्र विकास में भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही मुरकीनर पोर्टाकेबिन में भी बच्चों को विभिन्न खेलकूद गतिविधियों में शामिल कराया गया। इस दौरान बाल विवाह मुक्त अभियान की जानकारी दी गई और सभी को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने की शपथ भी दिलाई गई।

### कलेक्टर ने सहकारी समिति अमेरा व कुसमी का किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार, 31 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी शनिवार को पलारी विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक सहकारी सेवा समिति अमेरा एवं कुसमी पहुंचे।उन्होने भण्डारण कक्ष में भण्डारित उर्वरको का निरीक्षण किया और समिति प्रबंधक से भण्डारण, वितरण एवं उर्वरक मांग की जानकारी ली। उन्होने समिति प्रबंधको को निर्देशित किया कि किसानों को जरुरत अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराएं। किसानों को उर्वरक लेने में कोई दिक्कत न हो। कलेक्टर ने उर्वरक लेने पहुंचे किसानों से भी चर्चा की और खाद मिलने के सम्बन्ध में पूछ-ताछ की। किसानों ने बताया कि उर्वरक की कोई समस्या नहीं है।

# खरीफ खेती के लिए नहर से पानी पहुंचाने प्रशासन की टीम मुस्तैद



**बलौदाबाजार, 31 अगस्त।** खरीफ सीजन में धान की खेती के लिए नहर से पानी पहुंचाने जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग की टीम फिल्ड में मुस्तैद होकर मॉनिटरिंग एवं आवश्यक समन्वय किया जा रहा है ताकि नहर से पानी खेतों तक जल्द पहुंचाया जा सके। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को ग्राम कनकी के पास महानदी गंगरेल बांध के मुख्य नहर एवं ग्राम कुकदा के पास शाखा नहर का जायजा लिया और जल संसाधन विभाग के अधिकारियो को लगातार मॉनिटरिंग कर टेल एरिया तक प्राथमिकता से पानी पहुंचाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने महानदी मेन कैनाल के गेट एवं पानी की मात्रा का जायजा लिया तथा जल प्रवाह मॉनिटरिंग पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने मॉनिरिंग टीम को सतर्कता से कार्य करने तथा हर 2 घण्टे में जल प्रवाह की स्थिति दर्ज करने कहा।

# लेन-देन की बात पर अपहरण, 4 गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 31 अगस्त।** 28.08.25 को प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह 28.08.25 के शाम अमन जेम्स एवं विपिन जाववेल्स के साथ के पुरानी लेनदेन की बात को लेकर बहस हुआ था। कि यह अपने दोस्त के साथ मोटर सायकल एक्टिवा में कपडा डिलवरी करने ले जा रहा था। भदौरिया चौक में इसे रोकने पर प्रयास किया तब इसे अमन जेम्स एवं विपिन जानवेल्स ,विवेक राय तथा भावेश साहू उर्फ टीकू व अन्य साथी लोग होटल किंग कमला कॉलेज के पास मिलने जो इसे स्कूटी में बैठाकर बॉडी टेक जिम के पास लेकर जाकर और काले रंग के थार कार में जबरदस्ती बैठाकर बरगई नाला के पास ले जाकर अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने




धमकी देकर भावेश उर्फ टीटू में अपने पास रखे डण्डा से मारपीट कर नदी में फेकने का प्रयास करने लगा। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान आरोपीगणो को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपीगणो से घटना में प्रयुक्त डण्डा एवं वाहन थार क्रमांक सी0जी0/08/क्यू0ई0/9887 जप्त कर आरोपीगणो को विधिवत् गिर0 कर न्यायिक अभिरक्षा मे पेश में किया गया.

# सरखोर चिकित्सा शिविर में 120 मवेशियों का टीकाकरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 31 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार पशुचिकित्सा विभाग द्वारा शनिवार को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम सरखोर में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुओं का स्वास्थ्य जांच एवं 120 पशुओं को लम्पी बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 30 पशुओं को कृमिनाशक दवापान,1 पशु में कृत्रिम गर्भाधान तथा 11 पशुओं हेतु औषधि वितरण



किया गया। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ.नरेद्र सिह के मार्गदर्शन में सरखोर गौठान में पशुओं हेतु शिविर आयोजन किया गया। शिविर में मोबाईल वेटेरिनरी युनिट से डॉ. नेहा यादव, श्री जानू जांगडे एवं पशु चिकित्सालय-अहिल्दा से डॉ. संतोष पुरेना, श्री हेमंत विश्वकर्मा उपस्थित होकर पशुओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। उप संचालक डॉ. नरेन्द्र सिंह ने बताया कि पशु चिकित्सालय अहिल्दा टीम के द्वारा विगत 3 दिनों से गौठान में रखे गये पशुओं का स्वास्थ्य जांच नियमित रूप से किया जा रहा है।गौठान में लगभग 160 पशु रखा जा रहा है जिसके लिये ग्राम पंचायत द्वारा 04 पशु चरवाहा रखे गये है। चरवाहहे द्वारा प्रतिदिन पशुओ को 5-6 घंटा चराया जाता है। गौठान में चारा पानी की ब्यवस्था भी पंचायत द्वारा की गई है। इसके साथ ही तहसीलदार लवन पेखन टोंड्रे ने भी गोठान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। उन्होंने सरपंच एवं चरवाहों से पूछ-ताछ की गई जिसमें गौठान में रखे जाने वाले मवेशियों के लिए चारे - पानी की व्यवस्था करना पाया गया। पशु चिकित्सा शिविर में सरपंच मोहन कुमार बंजारे व राजेश कुमार पटेल के साथ-साथ ग्राम के पशु चरवाहा का भी विशेष सहयोग रहा।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह की 3 महिलाएं व 1 खरीददार नागपुर से गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

## खरीददार सोनार से गलाया हुआ 24.85 ग्राम सोना बरामद

**राजनांदगांव, 31 अगस्त।** श्रीमती नीता शर्मा पति श्री संतोष शर्मा उम्र 46 साल निवासी संत रविदास नगर वार्ड नं. 02 डोंगरगांव थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव की थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि यह आज दिनांक 25.08.2025 को अपने मायके जाने के लिए डोंगरगांव बस स्टैण्ड से भारत ट्रेव्हल्स में बैठकर राजनांदगांव जाने के लिए निकली थी, कि जंगलपुर के पास रास्ते में तीन औरते बस में चढ़ी और लड़ाई झगड़ा कर बीच में बैठ गई। बस स्टैण्ड राजनांदगांव में उतरने के बाद कवर्धा जाने के लिए दूसरी बस में बैठकर टिकट देने के लिए देखे तो सोने का 01 चोकर, 01 मंगलसूत्र, ईयर रिंग एवं अंगूठी




जुमला अनुमानित किमत 2,50,000 रूपये नहीं था, बस में बैठने वाली उक्त तीनों महिलाओं द्वारा चोरी करना व उन्हे देखने से पहचान लेना बतायी कि रिपोर्ट पर अज्ञात महिलओं के खिलाफ अप0क्र0 452/25 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

श्री मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव के निर्देश एवं श्री राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति वैशाली जैन (भा0पु0से0) एवं श्री पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी कोतवाली एवं निरीक्षक विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल राजनांदगांव के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव स्टॉफ के सयुक्त टीम गठित की गई टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल डोंगरगांव रोड़ तथा नागपुर महाराष्ट्र हाईवे में त्रिनेत्र प्रोजेक्ट के तहत लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया, जिसके आधार पर कन्हान, कामठी नागपुर महाराष्ट्र पहुंचकर आरोपिया 01. बिजुरिया बाई, 2.पुजा नाडे, 03.रेखा पात्रे को संतरापुर वार्ड नंबर 01 थाना कन्हान जिला नागपुर महाराष्ट्र को घेराबंदी कर पूछताछ की गई आरोपिया महिलाओं द्वारा राजनांदगांव में बस में सवार यात्री महिला के सोने के जेवरात को चोरी कर सतीष वर्मा पिता रामदयाल वर्मा उम्र 37 साल निवासी मेन रोड पुराना पुलिस स्टेशन कामठी थाना कामठी जिला नागपुर महाराष्ट्र के पास बेचना बताये।

खरीददार सतीष वर्मा को तलाश कर पुछताछ पर उक्त चोरी के जेवरात को खरीदकर गला कर अपने पास रखना बताया। गलाये हुये सोने 24.85 ग्राम को जप्त कर चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया।

# किरंदुल व्यापारी कल्याण संघ का 15 को चुनाव

## बैठक में व्यापारी सदस्यों ने लिया निर्णय

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 31 अगस्त।** लोह नगरी किरंदुल में किरंदुल व्यापारी कल्याण संघ की तरफ से शनिवार को सुबह 11:00 बजे अंबेडकर भवन में बैठक का आयोजन किया गया था इस बैठक में हजारों की संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया।

व्यापारियों ने सा सहमति से चुनाव कराने के लिए अपनी सहमति दी इस बैठक को लेकर किरंदुल के व्यापारियों में उत्साह था और इतने सालों बाद इतनी अधिक मात्रा में किरंदुल के कोने-कोने से छोटे-बड़े सभी प्रकार के व्यापारी बैठक में उपस्थित हुए जो पूरे शहर में कौतूहल का विषय था। इस बैठक में चुनाव संचालन कमेटी का गठन किया गया इस चुनाव संचालन कमेटी में बंटी अरोड़ा, जयदीप माखन, बिप्लव



मल्लिक, रवींद्र सोनी , आर सी नाहक, आजाद सक्सेना,शैलेंद्र सिंह,विजय सोढ़ी,तपन दास ,राजेंद्र सक्सेना ,लाल बहादुर,लल्लू गुप्ता ,को रखा गया है इन सभी सदस्यों को चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई चुनाव 15 सितंबर को करवाने की सहमति हुई 31 अगस्त से 5 सितंबर तक सदस्यता प्राप्त कर सकते है 8 सितंबर को मतदान सूची का अंतिम प्रकाशन,8 तारीक को नामांकन पत्र विक्रय,9 सितम्बर को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक नामांकन पत्र जमा ,9 सितम्बर दोपहर 3 से 5 नाम वापसी,9 सितम्बर को दोपहर 3 से चुनाव चिह्न आवंटन,15 सितम्बर को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक मतदान और शाम 4 से मतगणना होगी बैठक के उपरांत सभी ने भोजन ग्रहण किया ।

### महानदी जल विवाद सुलझाने छत्तीसगढ़ और ओडिशा ने शुरू की पहल

# इंजीनियरों की टीम हर सप्ताह करेगी काम महानदी पर बनेगा समन्वय का नया ढांचा

**रायपुर, 31 अगस्त।** भारत की एक प्रमुख नदी, महानदी, जो छत्तीसगढ़ से निकलकर ओडिशा होकर बंगाल की खाड़ी तक जाती है, लंबे समय से विवाद का कारण बनी हुई है।

इस लंबे विवाद को बातचीत से हल करने के लिए 30 अगस्त 2025 को नई दिल्ली में एक अहम बैठक हुई। इसमें छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्य सचिवों और जल संसाधन विभाग के सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक में दोनों राज्यों ने माना कि यह समस्या बहुत पुरानी और कठिन है, लेकिन लोगों और दोनों राज्यों के भले के लिए इसका समाधान मिल-बैठकर निकालना ही होगा।



बैठक में यह भी तय हुआ कि सितंबर 2025 से दोनों राज्यों की तकनीकी समितियाँ, जिनमें इंजीनियर और विशेषज्ञ होंगे, हर हफ्ते बैठक करेंगी। ये समितियाँ मुख्य मुद्दों को पहचानेंगी और उनका हल निकालने की कोशिश करेंगी। साथ ही, वे यह भी देखेंगी कि कैसे दोनों राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सकता है।

अक्टूबर 2025 में दोनों राज्यों के मुख्य सचिव एक और बैठक करेंगे। इसमें जल संसाधन सचिव भी शामिल होंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो दिसंबर तक दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री भी मुलाक़ात कर सकते हैं और आगे की दिशा तय करेंगे। अंत में दोनों राज्यों ने यह वादा किया कि वे ईमानदारी और खुले मन से बातचीत करेंगे, ताकि महानदी जल विवाद का हल ऐसा निकले जो सबके लिए लाभकारी हो।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह पहल सफल रही, तो यह न सिर्फओडिशा और छत्तीसगढ़ के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल होगी कि बड़े और पुराने विवाद भी आपसी बातचीत और सहयोग से सुलझाए जा सकते हैं।

### एरिया डॉमिनेशन आपरेशन में सीआरपीएफ जवानों ने

# नक्सलियों का जंगल में छिपाया सामान किया नष्ट

**गरियाबंद, 31 अगस्त।** गरियाबंद जिले में नक्सलियों के द्वारा जंगल में छुपा कर रखे गए सामग्रियों को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ द्वारा बरामद कर उसे नष्ट किय गया है. प्राप्त गोपनीय खुफ़िया सूचना के आधार पर केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की 65वीं बटालियन द्वारा 30 अगस्त को गरियाबंद जिले के थाना-मैनपुर अंतर्गत भालुडिग्गी वन क्षेत्र में एक ÷सी÷ स्तर का एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन चलाया गया. इस अभियान में एफ/65 एवं जी/65 कंपनियों की संयुक्त टुकड़ी सम्मिलित रही.

सर्चिंग अभियान के दौरान कुल्हड़ीघाट एवं बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा भारी मात्रा में छिपाकर रखी गई उपयोगी सामग्री बरामद की गई, जिसमें सिलाई मशीन, पिट्ठू बैग, प्लास्टिक के जूते, तिरपाल, दवाइयां दैनिक उपयोग की सामग्री राशन सामग्री शामिल थी. जिसे बरामद हुई तथा मौके पर ही नष्ट कर दी गई. इस प्रकार की



बरामदगी से स्पष्ट होता है कि नक्सली संगठन अब भी जंगलों में अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए स्थानीय स्तर पर सामग्री एकत्र करने का प्रयास कर रहे हैं. सीआरपीएफ़ द्वारा चलाए जा रहे निरंतर ऑपरेशन से नक्सलियों की आपूर्ति श्रृंखला एवं छिपे रहने के साधनों को लगातार ध्वस्त किया जा रहा है.

65 वीं बटालियन सीआरपीएफ़क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा कायम रखने के लिए स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से नियमित एरिया डॉमिनेशन, सर्च एवं कॉम्बिंग ऑपरेशन संचालित करती रहेगी।

## एक नजर

### कार्यशाला में वित्तीय साक्षरता व शेयर मार्केट की जानकारी दी

**महासमुंद 31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के युवाओं को रोजगार एवं आजीविका में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ÷युवा÷ कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में वित्तीय साक्षरता एवं शेयर मार्केट में अवसर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीय महाविद्यालय के 130 छात्र-छात्राएँ सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विक्रम सिंह, संचालक वेल्थ ट्रेकर, धमतरी एवं हरप्रीत सिंह आनंद, प्रोफेसर बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारभ मनोज कुमार मरकाम, डिप्टी कलेक्टर, धमतरी के द्वारा प्रेरणा दायक उद्बोधन से किया गया। वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने बताया कि वित्तीय साक्षरता न केवल व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन के लिए आवश्यक है, बल्कि यह शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों को शेयर मार्केट के विभिन्न पहलुओं, जैसे कि शेयरों का चयन, पोर्टफोलियो प्रबंधन और जोखिम प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों ने वर्कशॉप में बहुत उत्साह दिखाया और विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपने सदेहों का समाधान किया। वर्कशॉप के अंत में प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें वित्तीय साक्षरता और शेयर मार्केट के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला।

### श्रमिकों के पंजीयन और योजनाओं के आवेदन के लिए मोबाइल कैंप 5 सितंबर से

**महासमुंद 31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण और योजनाओं के आवेदन एवं निराकरण के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इन कैंपों का आयोजन विकासखंडवार अलग अलग तिथियों पर किया जाएगा। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर एवं असंगठित कर्मकार के पंजीयन हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर एवं आय प्रमाण पत्र साथ लाएं। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम पंचायतों में मुनादी कराएं, ताकि सभी श्रमिकों को इस कैंप की जानकारी दी जा सके। मोबाइल कैंप का आयोजन जिले में 5 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। जिसमें सरायपाली विकासखण्ड में 05 सितंबर को ग्राम कनकेवा में, 12 सितंबर को राफेल, 19 सितंबर को कुसमीसरार, 26 सितंबर को बरिहापाली, 06 अक्टूबर को बैदपाली, 10 अक्टूबर को अर्जुन्दा एवं 15 अक्टूबर को रूढ़ा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत 8 सितंबर को धनोरा में, 15 सितंबर को बरेकेलखुर्द, 22 सितंबर को कसीबहरा, 29 सितंबर को पिलवापाली, 7 अक्टूबर को अरंड एवं 13 अक्टूबर को छिंदौली में, बसना विकासखण्ड अंतर्गत 9 सितंबर को आमापाली में, 16 सितंबर को खरोरा, 23 सितंबर को परसकोल, 30 सितंबर को भूकेल, 8 अक्टूबर को चिमरकेल, 13 अक्टूबर को कायतपाली एवं 15 अक्टूबर को बिटांगीपाली में कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# रेशम उत्पादन में छत्तीसगढ़ को लाना है पहले पायदान पर : अरुण साव

## रेशम कृषि मेला सह मेरा रेशम, मेरा अभिमान कार्यक्रम का आयोजन

- रेशम उत्पादन से जुड़े किसानों को किया गया सम्मानित
- रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को प्रोत्साहित करने उप मुख्यमंत्री ने डीएमएफ से एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की





**रायपुर, 31 अगस्त।** उप मुख्यमंत्री तथा कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने आज छत्तीसगढ़ में रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने रेशम कृषि मेला-सह-मेरा रेशम, मेरा अभिमान का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में रेशम उत्पादक किसानों को चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में साव ने कहा कि मेरा रेशम, मेरा अभिमान कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक मशीनों के संबंध में जानकारी प्रदान करना, प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर हुए रेशम उत्पादन से जोड़ना ही नहीं है, बल्कि आमदनी बढ़ाना, आत्मनिर्भर बनाकर प्रदेश और देश को आर्थिक प्रगति की राह में आगे ले जाना भी है। अभी रेशम उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे नंबर पर है, इसे पहले पायदान पर लेकर जाना है। साव ने इस आयोजन को मील का पत्थर बताते हुए इसमें सभी की सहभागिता को आवश्यक बताया। उन्होंने किसानों के प्रशिक्षण तथा मेरा रेशम, मेरा अभिमान कार्यक्रम की प्रगति के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

कोरबा के पाली विकासखंड में केंद्रीय रेशम बोर्ड- बुनियादी बीज का प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र में केरेबो-बुनियादी टसर रेशम कीट बीज संगठन, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार बिलासपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री साव ने रेशम उत्पादन को आमदनी का प्रमुख स्रोत बताते हुए कहा कि किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। किसान जितने सक्षम होते जाएंगे, हमारा प्रदेश और देश भी उतना ही सक्षम होगा। इस अभियान से किसानों को प्रशिक्षण की सुविधा मिलने के साथ ही रेशम उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

साव ने रेशम उत्पादन में आने वाली बाधाओं को दूर करने की बात कही। इसके लिए रेशम विभाग से जुड़े अधिकारियों को कार्यालय आकर समस्याओं को चिन्हित कराने को कहा। उप मुख्यमंत्री साव और अन्य अतिथियों ने मेरा रेशम, मेरा अभिमान के पोस्टर का विमोचन भी किया। उन्होंने रेशम कृषि मेले में लगे स्टॉल्स का अवलोकन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि हमारे जिले में बड़ी मात्रा में रेशम का उत्पादन होता है। यह रेशम कीमती होने के साथ ही किसानों के आय का प्रमुख जरिया भी है। रेशम उत्पादन से बहुत से लोगों को रोजगार भी मिला है। प्रधानमंत्री की मंशा है कि किसानों की आमदनी भी दोगुनी हो, ऐसे में स्थानीय किसानों को इससे जुड़कर आमदनी अर्जित करना होगा।

पाली-तानाखार के विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम ने कहा कि कोरबा की पहचान पहले से ही रेशम के पटल पर विश्व विख्यात है। यहाँ से बड़ी संख्या में किसान जुड़े हुए हैं। मेरा रेशम, मेरा अभिमान स्थानीय किसानों के लिए लाभदायक होगा। कोरबा के कलेक्टर अजीत वसन्त, केंद्रीय रेशम बोर्ड रांची के निदेशक डॉ. एन.बी. चौधरी, बिलासपुर के डॉ. नरेन्द्र कुमार भाटिया, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ कुमार निशांत, रेशम विभाग के सी.एस. नोन्हारे, डॉ. जयप्रकाश पाण्डेय, डॉ. हसनसाब नदाफ डॉ. विनोद सिंह, बलभद्र सिंह भंडारी और कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केन्द्र कटघोरा के डॉ. एस.एस.पोर्ते सहित रेशम विभाग से जुड़े वैज्ञानिक एवं अधिकारी, जनप्रतिनिधि गोपाल मोदी, डॉ. राजीव सिंह तथा आम नागरिकगण भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# सूरीघाट मंदिर में पुजारी की खून से लथपथ लाश मिली

**तखतपुर, 31 अगस्त।** तखतपुर थाना क्षेत्र के सूरीघाट में मंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या कर दी गई है. रविवार सुबह पुजारी की लाश मंदिर परिसर में खून से लथपथ मिली है. हत्या की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है. सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के मुताबिक, सूरीघाट के पाठ बाबा मंदिर का पूरा मामला है. जहां आज सुबह पुजारी जागेश्वर पाठक की खून से सनी लाश मिली. घटना की सूचना पर तखतपुर पुलिस मौके पर पहुंची है. पुजारी के सिर पर धारदार हथियार से किए गए हमले के निशान पाए गए हैं. अज्ञात आरोपी मर्डर की घटना को अंजाम देकर हुए फरार हो गए हैं. पुलिस मामले में आसपास लोगों से पूछताछ कर रही है. मामले की गंभीरता को देखते हुए बिलासपुर एसएसपी रजनेश सिंह स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं. वहीं मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम पहुंच गई है. बिलासपुर एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि यह बहुत ही जघन्य हत्या है. कोई बड़ी रंजिश के चलते वारदात की आशंका है, लेकिन अब तक ऐसी कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं. पुलिस इस मामले में बारीकी से जांच कर रही है. जल्द ही वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.




# छत्तीसगढ़ी परिवेश में सजाया गया गणेश पूजा पंडाल

## देखते ही आ जाएगी आपको भी अपने गांव की याद

**राजनांदगांव, 31 अगस्त।** राजनांदगांव शहर के दीवान पारा में फ्रेंड्स क्लब गणेश उत्सव समिति द्वारा छत्तीसगढ़ी सभ्यताओं पर आधारित पूजा पंडाल सजाया गया है। इस पूजा पंडाल में भगवान गणेश को बाल रूप में अठखेलियां करते दिखाया गया है। पूरे पंडाल को मिट्टी और घास-फूस खादर से निर्मित घर के रूप में बनाया गया है, जो गांव के पुराने दौर में सुसज्जित और व्यवस्थित घर को प्रदर्शित कर रहा है।



विलुप्त होते छत्तीसगढ़ी परिवेश को गणेश पूजा पंडाल के माध्यम से लोगों के सामने लाने और पुराने दौर में उपयोग किए जाने वाले घरेलू सामग्रियों की अहमियत दिखाने और नई पीढ़ी को इनसे वाकिफ कराने के लिए पंडाल सजाया गया है। इस पंडाल में छत्तीसगढ़ी परिधान में एक महिला को करधन, सुता, मुंदरी सहित अन्य पारंपरिक श्रृंगार में दिखाया गया है, जो चूल्हे में तवे पर रोटियां बना रही है।

वहीं भगवान गणेश को अपने बाल सखा के पीठ पर सवारी करते दिखाया गया हैं। जो खुशहाल परिवार के साथ छत्तीसगढ़ की समृद्धि को दर्शा रहा है। इस गणेश पंडाल में आने वाले बुजुर्ग पुराने वस्तुओं को देखकर निहार रहे हैं, तो वही युवा और बच्चों के लिए यह सामग्री काफी आकर्षित करने वाली है। इस गणेश पंडाल को लेकर समिति के अध्यक्ष मोन्टू यादव ने बताया कि हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा धीरे-धीरे आधुनिकता के दौर में खोती जा रही है जिसे सहजने का संदेश लेकर यहां पर इसकी स्थापना की गई है ।

पंडाल में पुराने दौर में घरेलू उपयोग में आने वाले चूल्हा, सिगड़ी, गोबर के कंडे, मिट्टी के बर्तन, झंहुआ, पररा, सुपा, सिलबट्टा, लालटेन, माखन की हांडी, सुवा, देव स्थान, खेल सामग्री में बांटी, भवरा, गाय, बैल, तुलसी चौरा बनाया गया है। इसमें मिट्टी से बनी कई सामग्रियां हु-ब-हु नजर आ रही है।

## समाचार संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक के गिरने से दो नाबालिगों की मौत, 1 गंभीर

**बलरामपुर, 31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में दो नाबालिगों की मौत हो गई है और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों नाबालिगों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा मामला बलरामपुर ज्जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के सरगांव नाला के पास हुआ। यहां एक तेज रफ़्तार बाइक अनियंत्रित होकर खेत में गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार दो नाबालिगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

**पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए शव**

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया और दोनों नाबालिगों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद दोनों नाबालिगों के शव उनके परिजनों को सौंपे जाएंगे।

### गौवंश तस्करी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 31 अगस्त।** थाना केरेगांव पुलिस ने गौवंश तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन व पशु जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफपशु परिरक्षण अधिनियम 2004 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने सफेद रंग के पिकअप वाहन क्रमांक CG 05 AN 4324 को रोककर जांच की, जिसमें एक भैंसा व एक भैंसी को बिना चारा-पानी के अवैध रूप से कत्ल की नीयत से परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालक आरोपी परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में पशुओं को जप्त कर कब्जे में लिया और आरोपियों नारायण साहू (44), निवासी खरतुली थाना अर्जुनी, जिला धमतरी तथा लोमश साहू (22), निवासी परसतराई थाना अर्जुनी, जिला धमतरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। धमतरी पुलिस ने बताया कि जिले में गौवंश तस्करी और अवैध परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। बीते माह थाना भखारा पुलिस ने भी ऐसे दो मामलों में 12 आरोपियों को जेल भेजा था।

### स्मारिका विमोचन समारोह

# वरिष्ठ स्वयंसेवक काशीनाथ के जीवन से प्रेरणा लें कार्यकर्ता : मोहन भागवत




■ रमन सिंह बोले : गोरेजी ने जिया आदर्श जीवन

**बिलासपुर, 31 अगस्त।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आज बिलासपुर पहुंचे, जहां वे वरिष्ठ स्वयंसेवक काशीनाथ गोरे के स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. सरसंघचालक मोहन भागवत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वे कई बार बिलासपुर आए. हर कार्यक्रम में काशीनाथ जी की उपस्थिति रहती थी. यह पहली बार है कि वे यहां आए हैं और गोरे जी नहीं हैं. उन्होंने गोरे जी से जुड़े कई संस्मरणों को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश सभी कार्यकर्ताओं को दिया. भागवत ने कहा, वे सब कुछ खुद नहीं कर रहे थे, बल्कि सब उनसे हो रहा था.

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ स्वयंसेवक स्वर्गीय काशीनाथ गोरे को स्मरण करते हुए उन्हें आदर्श व्यक्तित्व बताया. उन्होंने कहा कि गोरे जी ने हर भूमिका में आदर्श जीवन जिया. किसी पद पर न रहते हुए भी लोग अपनी समस्याएं लेकर उनके पास पहुंचते थे और वे समाज के समन्वयक की तरह समाधान करते थे. उन्होंने याद किया कि जब उन्होंने कवर्धा में प्रैक्टिस शुरू की थी तब गोरे जी से मुलाकात हुई. गरीब बस्ती में सेवा प्रकल्प की शुरुआत की बात हुई और वे हर शनिवार देवारपारा में लोगों की सेवा करने जाने लगे. वहीं से शनिचर डॉक्टर नाम मिला.

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री रामविचार नेताम, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक भावना बोहरा, विधायक धरमजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे.

### शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ, 30 सितम्बर तक चलेगा विशेष अभियान

# 1.56 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए व फोलिक एसिड सिरप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 31 अगस्त।** जिले में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ आज जिला अस्पताल धमतरी में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू एवं महापौर रामू रोहरा ने बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक ने बताया कि यह अभियान 29 अगस्त से 30 सितम्बर तक जिलेभर में संचालित होगा। जिले में लगभग 75 हजार 882 बच्चे विटामिन ए के हितग्राही तथा 80 हजार 345 बच्चे आयरन फोलिक एसिड सिरप के हितग्राही हैं, जिन्हें स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों के सहयोग से सेवाएं प्रदाय की जाएंगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे पांच वर्ष तक के बच्चों को निकटतम शिशु संरक्षण बूथ तक अवश्य लेकर जाएं।

इस अवसर पर महेन्द्र पंडित, महेन्द्र खंडेलवाल, लीलू यादव, पार्षद अभय देवांगन, चन्द्रभान साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे.पी. दीवान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार यह अभियान कुल 10 सत्रों में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित होगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रतौंधी, बिटॉट स्पॉट, मोतियाबिंद तथा खून की कमी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम करना है।

शिशु संरक्षण माह के दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए सिरप प्रत्येक 6 माह के अंतराल में पिलाया जाएगा। साथ ही आयरन फोलिक एसिड सिरप का वितरण, बच्चों का वजन कर पोषण स्थिति का आकलन, अभिभावकों को संतुलित आहार संबंधी जानकारी तथा अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती करने की कार्यवाही की जाएगी।

जिला प्रशासन ने जनसामान्य से आह्वान किया है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

एक नजर

## बीसीसीआई 452 करोड़ की नई जर्सी स्पॉन्सरशिप डील की तलाश में

### ड्रीम-11 के हटने के बाद लिया फैसला




**नई दिल्ली, 31 अगस्त।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की जर्सी के लिए नए स्पॉन्सर की तलाश में जुट गया है। यह कवायद तब शुरू हुई जब फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ड्रीम 11 ने हाल ही में लागू हुए ऑनलाइन गेमिंग नियमों के चलते अपनी साझेदारी खत्म कर दी। बीसीसीआई अब 2025 से 2028 तक के लिए करीब 452 करोड़ रुपये की नई स्पॉन्सरशिप डील की उम्मीद कर रहा है।

ड्रीम 11 ने 2023 में 358 करोड़ रुपये की डील के साथ भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी स्पॉन्सरशिप हासिल की थी। यह करार जुलाई 2023 से मार्च 2026 तक के लिए था। लेकिन सरकार के नए नियम, जिसे प्रोमोशन एंड रेगुलेशन ऑफऑनलाइन गेमिंग एक्ट के नाम से जाना जा रहा है, ने रियल मनी गेमिंग पर रोक लगा दी। इस कानून के तहत ऐसी गतिविधियों में शामिल कंपनियों पर 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना और तीन साल तक की जेल हो सकती है। नतीजतन, ड्रीम 11 को मजबूरन यह साझेदारी खत्म करनी पड़ी। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने न्यूज एजेंसी से कहा, सरकारी नियमों के चलते हम छ्ठ्ठद्गड्डद्व11 या ऐसी किसी कंपनी के साथ साझेदारी जारी नहीं रख सकते। अब हम नए विकल्प तलाश रहे हैं।

# सिनर ने चार सेट में जीता मैच

## गॉफ-ओसाका चौथे दौर में होंगी आमने-सामने, बोपन्ना-काधे बाहर



**न्यूयॉर्क, 31 अगस्त।** पूर्व चैंपियनों के बीच इससे पहले अमेरिकी ओपन में 2019 में मुकाबला हुआ था। ओसाका तब मौजूदा चैंपियन थी और उन्होंने 15 साल की गॉफको सीधे सेटों में हरा दिया था। गॉफइस हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाई थी और ओसाका ने उन्हें सांत्वना दी थी। ओसाका ने शनिवार को कहा, 'मैं उसे एक छोटी बहन की तरह मानती हूं, इसलिए यहां उसके साथ दोबारा खेलना अच्छा है।'

भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस ने यहां मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की अमेरिकी जोड़ी को करारी शिकस्त देकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन रोहन बोपन्ना और अर्जुन काधे अपने अपने जोड़ीदारों के साथ हारकर बाहर हो गए। वहीं, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा और लोगों को यह भी याद दिलाया कि वह कोई मशीन नहीं हैं। कोको गॉफऔर नाओमी ओसाका ने शनिवार को जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया, जहां उनका आमना सामना होगा।

**भांबरी-वीनस अगले दौर में**

भांबरी और वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। उन्होंने अपनी विरोधी टीम को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया और मैच में सिर्फतीन गेम गंवाए। भांबरी और वीनस ने पहले सेट में एक भी गेम नहीं गंवाया और दूसरे सेट में भी अपनी लय बरकरार रखा। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस जल्दी ही तोड़ दी और आसानी से मैच अपने नाम किया। भारत के स्टार खिलाड़ी बोपन्ना और मोनाको के उनके जोड़ीदार रोमेन अर्नेडो शनिवार की रात को खेले गए मैच में रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी से मात्र एक घंटे पांच मिनट में 4-6, 3-6 से हार गए। कैश और ट्रेसी ने शानदार प्रदर्शन किया और ब्रेक प्वाइंट को प्रभावी ढंग से भुनाया। इस बीच अमेरिकी ओपन में पदार्पण कर रहे काधे और उनके जोड़ीदार डिएगो हिडाल्गो का मुकाबला मैट पैविक और मार्सेलो अरेवालो की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से था। काधे और हिडाल्गो ने पहला सेट जीतकर दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को थोड़ा परेशान किया, लेकिन आखिर में 7-5, 6-7(4), 4-6 से हार गए।

**सिनर ने शापोवालोव को हराया**

मौजूदा चैंपियन सिनर ने दुनिया के 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव को 5-7, 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। सिनर ने मैच के बाद कहा, 'मैं कोई मशीन नहीं हूं और आप सब यह जानते हैं। मुझे भी कभी-कभी संघर्ष करना पड़ता है। मुझ पर भी दबाव होना स्वाभाविक है। आपको मैच के अनुसार सामंजस्य बिठाना पड़ता है।' इटली के इस खिलाड़ी ने इस तरह से हार्डकोर्ट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना अमेरिका के 14वें नंबर के टॉमी पॉल या कजाकिस्तान के 23वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा। सिनर ने इस जीत से हार्डकोर्ट पर होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपने अजेय अभियान को 24 मैचों तक बढ़ा दिया है। इसमें 2024 में अमेरिकी ओपन और 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के खिताब शामिल हैं। उन्होंने जुलाई में ग्रास कोर्ट पर विंबलडन में भी ट्रॉफी जीती थी।

**कोको और ओसाका आमने-सामने**

ओसाका और गॉफ अगले दौर के मुकाबले में आमने-सामने होंगी। पूर्व चैंपियनों के बीच इससे पहले अमेरिकी ओपन में 2019 में मुकाबला हुआ था। ओसाका तब मौजूदा चैंपियन थी और उन्होंने 15 साल की गॉफको सीधे सेटों में हरा दिया था। गॉफइस हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाई थी और ओसाका ने उन्हें सांत्वना दी थी। ओसाका ने शनिवार को कहा, 'मैं उसे एक छोटी बहन की तरह मानती हूं, इसलिए यहां उसके साथ दोबारा खेलना अच्छा है।' ओसाका 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंची हैं। उन्होंने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में डारिया कसाटकिना को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले गॉफने मैग्डेलेना फ्रेच पर 6-3, 6-1 से जीत के साथ लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के अंतिम 16 में जगह बनाई। गॉफ ने कहा, 'नाओमी और मैं बहुत ज़्यादा करीब तो नहीं हैं, लेकिन हम एक-दूसरे के साथ दोस्ताना ज़रूर हैं। मैं दूर से ही कोर्ट के अंदर और बाहर उनके हर काम में उनका साथ देती हूं।

## 24 घंटे बाद भी नहीं बिके भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट

### फैंस को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा कीमत 33 हजार से 3 लाख तक




**दुबई, 31 अगस्त।** किसी भी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट सबसे जल्दी बिक जाते हैं। लेकिन, 14 सितंबर को एशिया कप में होने वाले भारत-पाक मुकाबले के टिकट बिक्री की शुरुआत के 24 घंटे बाद भी बचे हुए हैं। कारण है, टिकट बिक्री का पैकेज सिस्टम।

भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट खरीदने के लिए दर्शकों को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा है। सबसे सस्ता पैकेज 33 हजार 600 रुपए का है। जबकि बैंड लाउंज पैकेज की कीमत 3 लाख 12 हजार रुपए है।इस बार 7 मैच के पैकेज में भारत-यूएई, भारत-पाकिस्तान और फाइनल मैच शामिल हैं। यानी बाकी मुकाबलों की तुलना में भारत-पाक मैच देखने के लिए दर्शकों को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है।

आयोजक भारत-पाक मैच के जरिए अन्य मैचों में भी दर्शकों को आकर्षित करना चाह रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह पैकेज सिस्टम लागू किया है। एशिया कप में कुल 12 ग्रुप मैच होने हैं। इनमें से 11 मैचों के टिकट आम तौर पर 1200 रुपए (जनरल) से लेकर 12 हजार रुपए (ग्रैंड लाउंज) तक उपलब्ध हैं।

**फैंस बोले- टिकट पैकेज देखकर निराशा हुई**

भारतीय फैन रविकांत का कहना है कि उनके ऑफिस में कई लोग महंगे पैकेज की वजह से टिकट नहीं ले पाए। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि मैच के करीब आते-आते सिर्फभारत-पाक मैच का टिकट भी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी प्रशंसक हसन अब्बास ने बताया कि टिकट पैकेज देखकर पहले निराशा हुई, लेकिन क्वालिफायर और फाइनल समेत 7 मैचों की डील खराब नहीं है।

## सात्विक और चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

### ब्रॉन्ज मेडल से करना पड़ा संतोष



**पेरिस, 31 अगस्त।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारा गई। इस हार के बाद उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था लेकिन 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था। सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया।

हार के बाद चिराग ने कहा, 'हम लय हासिल नहीं कर पाए। हमने तीसरे गेम में आसान अंक गंवा दिए। हमें थोड़ा और समझदारी दिखानी चाहिए थी। लेकिन, इसका श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने तीसरे गेम की शुरुआत से ही अच्छी सर्विस की। हम फाइनल में नहीं पहुंच पाए लेकिन कुल मिलाकर यह टूर्नामेंट हमारे लिए अच्छा रहा।''

सात्विक ने कहा, 'वे पिछले मैचों की तुलना में अधिक आत्मविश्वास के साथ खेले। वे हमारी तुलना में अधिक सहज होकर खेल रहे थे। पहले गेम में भले ही हम आगे थे फिर भी वे अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे थे। मुझे लगता है कि हमने पिछले मैचों में यही किया था।'

## दलीप ट्रॉफी के सेफा में साउथ जोन टीम की कप्तानी करेंगे अजहरुद्दीन, तिलक जाएंगे दुबई



**बेंगलुरु, 31 अगस्त।** केरल के बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन को नोर्थ जोन के खिलाफ चार सितंबर से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी 2025 सेमीफाइनल के लिए रविवार को तिलक वर्मा की जगह दक्षिण क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया। तिलक वर्मा को पहले दक्षिण क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन उन्हें टी20 एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम में चुना गया है और इसलिए वह आगे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाएंगे। 4 सितंबर को भारतीय खिलाड़ियों को दुबई पहुंचना है, जबकि दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल भी इसी दिन से शुरू होने हैं। तिलक वर्मा के साथ अजहरुद्दीन टीम के उप-कप्तान थे और अब उप-कप्तान की भूमिका तमिलनाडु के एन जगदीशन को सौंप दी गई है। तमिलनाडु के बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर भी सेमीफाइनल में नहीं खेलेंगे, क्योंकि वह अभी हाथ की चोट से उबर रहे हैं। पुडुचेरी के अंकित शर्मा और आंध्र के शेख रशीद को दलीप ट्रॉफी के अंतिम चार के मैचों के लिए दक्षिण क्षेत्र की टीम में शामिल किया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों को पहले स्टैंडबाय में रखा गया था।

अंकित बाएं हाथ के स्पिनर हैं, जिन्होंने 68 प्रथम श्रेणी मैचों में 168 विकेट लिए हैं। रशीद शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं, जिन्होंने रणजी ट्रॉफी के 19 मैच में 1204 रन बनाए हैं। कई अनुभवा खिलाड़ी इस टीम के पास हैं। हालांकि, नोर्थ जोन के पास भी अच्छे खिलाड़ियों की भरमार है, जिससे ये मुकाबला और भी ज्यादा खास हो जाएगा। दोनों क्वार्टर फाइनल मैच ड्रॉ रहे हैं। ऐसे में अब सेमीफाइनल मैच ज्यादा दिलचस्प हो जाएंगे।

**साउथ जोन की टीम**

मोहम्मद अज़हरुद्दीन (कप्तान), तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निज़ार, नारायण जगदीसन, त्रिपुराना विजय, तनय त्यागराजन, विजयकुमार विशाक, निधिश एमडी, रिकी भुई, बासिल एनपी, गुरजापनीत सिंह, स्नेहल कौथंकर, अंकित शर्मा, शेख रशीद।

स्टैंडबायः मोहित रेडकर, आर स्मरण, एडेन एप्पल टॉम, आंद्रे

# व्यापार

## द कलेक्टिव ने रायपुर में खोला आइकॉनिक फ्लैगशिप स्टोर

**रायपुर, 31 अगस्त।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के प्रीमियम लक्ज़री फ़ैशन डेस्टिनेशन, द कलेक्टिव ने रायपुर में लक्ज़री रिटेल के लिए अपने बहुप्रतीक्षित फ्लैगशिप स्टोर का सफ्लतापूर्वक शुभारंभ किया है। अविनाश वन, मैग्नेटो मॉल के सामने, 492001 रायपुर में स्थित इस शानदार 4,620 वर्ग फुट के स्टोर ने उत्सुक भीड़ के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। भव्य उद्घाटन को बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने अपनी उपस्थिति से और भी खास बना दिया, जिनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम में सितारों की चमक और ग्लैमर जोड़ दिया। दुनिया के 100 से ज़्यादा सबसे प्रतिष्ठित फ़ैशन ब्रांड्स को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने वाला द कलेक्टिव लंबे समय से ग्लोबल लक्ज़री का प्रतीक रहा है। अब रायपुर के इस स्टोर में केन्ज़ो, वर्साचे जीन्स कूचर, कार्ल लेगरफेल्ड, मार्क जैकब्स, पोलो राल्फ लॉरेन, हैकेट और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय लेबल्स के बेहतरीन कलेक्शन उपलब्ध होंगे, हाई-एंड फॉर्मल वियर से लेकर कंटेम्परेरी कैजुअल्स तक यह स्टोर पुरुषों और महिलाओं दोनों की हर फैशन ज़रूरत पूरी करने का वादा करता है। बारीकी से चुनी गई एपैरल और एक्सेसरीज़ की रेंज रायपुर के फैशन-प्रेमी ग्राहकों को शहर छोड़े बिना ही इंटरनेशनल लक्ज़री का आनंद लेने का अवसर देगी।

## बेस्ट इन टेक अवॉर्ड्स (बिटा) 2025 के विजेताओं की घोषणा

**नई दिल्ली, 31 अगस्त।** बेस्ट इन टेक अवॉर्ड्स (बिटा) के विजेताओं की घोषणा आज कर दी गई. ये अवॉर्ड्स भारत के विभिन्न कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कंज्यूमर टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स को समर्पित हैं, जिसका उद्देश्य उन गैजेट्स को पहचान दिलाना है जिन्होंने असाधारण प्रदर्शन किया है और मार्केट में उपभोक्ताओं का विश्वास अर्जित किया है. यह सम्मान प्रक्रिया भारत के टेक्नोलॉजी परिदृश्य से जुड़े व्यापक मार्केट डेटा और ग्राहक प्रतिक्रिया पर आधारित है. जिन प्रोडक्ट्स को यह पहचान मिली है, उन्होंने लगातार बेहतर प्रदर्शन और उपभोक्ता संतुष्टि के मानकों को पूरा किया है. ये नतीजे वास्तविक उपभोक्ता अनुभव और उनकी पसंद को दर्शाते हैं. अमेज़न इंडिया की डायरेक्टर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ज़ेबा खान ने कहा, आज उपभोक्ता अपनी टेक्नोलॉजी खरीदारी के लिए भरोसेमंद स्रोतों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं, खासकर बड़े शॉपिंग पीरियड्स के दौरान. BITA उन प्रोडक्ट्स का प्रतिबिंब है जिन्हें वास्तविक प्रदर्शन और ग्राहक संतुष्टि के आधार पर मान्यता मिली है. ये अवॉर्ड्स भारत द्वारा परखे और अपनाए गए टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स को सामने लाते हैं।

## विदेशी निवेशकों ने अगस्त में भारतीय शेयर बाजार से 35,000 करोड़ निकाले

### 6 महीने में सबसे बड़ी बिकवाली



**मुंबई, 31 अगस्त।** अगस्त 2025 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) ने भारतीय इक्विटी बाजार से करीब ?34,993 करोड़ (लगभग 4 अरब डॉलर) निकाले। यह पिछले छह महीनों की सबसे बड़ी बिकवाली रही। इसकी वजह अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर भारी टैरिफ लगाना और घरेलू बाजार में ऊंचे वैल्यूएशन बताए जा रहे हैं। जुलाई में जहां 17,741 करोड़ की निकासी हुई थी, वहीं अगस्त में यह लगभग दोगुनी रही। इससे अब तक 2025 में FPIs की कुल इक्विटी निकासी 1.3 लाख करोड़ के पार पहुंच गई है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यह निकासी घरेलू और वैश्विक दोनों कारकों का नतीजा है। फरवरी के बाद यह सबसे बड़ी बिकवाली रही है, जब FPIs ने 34,574 करोड़ के शेयर बेचे थे। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट के हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर 50 प्र. तक के टैरिफने निवेशकों की धारणा पर नकारात्मक असर डाला। इससे भारत की व्यापार प्रतिस्पर्धा और विकास संभावनाओं पर चिंता बढ़ी। इसके अलावा, जून तिमाही के नतीजों में कुछ अहम सेक्टर उम्मीद पर खरे नहीं उतरे, जिससे निवेशकों का रुझान और कमजोर हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के वी. के. विजयकुमार के अनुसार, भारत में शेयरों के ऊंचे वैल्यूएशन की तुलना में दूसरे बाजार सस्ते हैं। यही वजह है कि FPIs ने भारत से पैसा निकालकर अन्य बाजारों में लगाया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि FPIs अब भी प्राइमरी मार्केट में खरीदारी कर रहे हैं। इस साल अब तक उन्होंने IPO बाजार में 40,305 करोड़ का निवेश किया है।

## बीएसएनएल 200 रुपए से कम में लाया शानदार प्लान

### जीओ-एयरटेल की बढ़ी टेंशन

**नई दिल्ली, 31 अगस्त।** सरकारी टेलीकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड ने एक बार फिर प्राइवेट कंपनियों की नींद उड़ाते हुए एक बेहद सस्ता और दमदार प्रीपेड प्लान बाजार में उतारा है। बीएसएनएल ने मात्र 199 रुपये में 2त्वक्र डेली डेटा वाला प्लान पेश किया है, जो सीधे तौर पर जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया को चुनौती देता है। कंपनी ने अपने आधिकारिक 'X' (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से न केवल इस प्लान की जानकारी दी, बल्कि इसकी तुलना प्राइवेट कंपनियों के महंगे प्लान्स से करते हुए बताया है कि ग्राहकों को दोगुने से भी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। BSNL द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक, इस नए प्लान की कीमत 199 रुपये है और यह पूरे 30 दिनों की वैलिडिटी के साथ आता है। ग्राहक इस प्लान को देश के किसी भी टेलीकॉम सर्किल से रिचार्ज करा सकते हैं।

## भारत में टिकटॉक वापसी करेगा?

### ByteDance के इस नए कदम से अटकलें तेज




**नई दिल्ली, 31 अगस्त।** चीन की शॉर्ट वीडियो ऐप TikTok की पैरेंट कंपनी ByteDance ने गुरुग्राम ऑफिस के लिए दो जॉब ओपनिंग्स निकाली हैं। लिंक्डइन पर कंपनी ने कंटेंट मॉडरेटर (बंगाली स्पीकर) और वेलबीइंग पार्टनरशिप एंड ऑपरेशंस लीड की वैकेंसी पोस्ट की है। इतना ही नहीं, कंपनी की वेबसाइट भी भारत में आंशिक रूप से खुल रही है। इसके बाद चर्चा शुरू हो गई है कि क्या TikTok भारत में वापसी कर सकता है।

भारत में TikTok के करीब 20 करोड़ यूजर्स थे और यह ऐप यहां का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट माना जाता था। अगर ञ्जद्बद्मञ्जशद्म की वापसी होती है तो यह शॉर्ट-वीडियो प्लेटफॉर्म्स की रेस में बड़ा बदलाव ला सकता है। फिलहाल इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स और घरेलू ऐप्स जैसे Moj और Josh बाजार पर हावी हैं।

**मोदी-शी मुलाकात के बाद उठीं चर्चाएं**

हाल ही में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने मिलकर सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। यह कदम ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर टैरिफलगाए हैं और भारत-चीन रिश्तों में कुछ नरमी आई है।


**क्यों लगा था बैन?**

जून 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद भारत सरकार ने TikTok समेत 59 चीनी ऐप्स पर बैन लगाया था। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और डेटा प्राइवेसी को खतरा बताते हुए यह कदम उठाया था। इसके साथ ही ByteDance के अन्य ऐप्स जैसे Helo और CapCut भी प्रतिबंधित कर दिए गए थे।

**अब भी बैन बरकरार**

हालांकि TikTok की ओर से साफकहा गया है कि भारत में ऐप अभी भी बैन है और इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। कंपनी ने बताया कि वह सरकार के निर्देशों का पालन कर रही है। अभी तक ऐप को अनब्लॉक करने का कोई आदेश जारी नहीं हुआ है।

## अमेरिका के टैरिफ झटके के बाद सरकार ने निर्यातकों के लिए राहत योजना शुरू की




**नई दिल्ली, 31 अगस्त।** अमेरिका ने भारत के कई उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफलगा दिया है। इसके जवाब में भारत सरकार ने तुरंत राहत उपाय शुरू किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, सरकार का मकसद निर्यातकों को नकदी की कमी से बचाना, उत्पादन को बनाए रखना और नौकरियों को सुरक्षित रखना है। इसके अलावा विशेष आर्थिक क्षेत्रों (SEZ) में छूट और आयात प्रतिस्थापन (Import Substitution) को बढ़ावा देने की योजना है।

अमेरिका ने 7 अगस्त से 25 फीसदी और 27 अगस्त से अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफलगाया। ट्रंप ने दावा कि यह कदम भारत के रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर उठाया गया। इससे भारत के करीब 49 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ा है। यह भारत के अमेरिका को होने वाले कुल निर्यात का 55 फीसदी से ज्यादा है। खासकर कालीन (60 फीसदी ), टेक्सटाइल (50 फीसदी), रत्न और आभूषण (30 फीसदी ) और परिधान (40 फीसदी) जैसे क्षेत्रों पर ज्यादा असर पड़ेगा।

**निर्यातकों के लिए राहत के कदम**

निर्यातकों को ऑर्डर रद्द होने, भुगतान में देरी और नकदी की कमी का डर सता रहा है। सरकार ने इसके लिए कई योजनाएं तैयार की हैं। छोटे और मझोले उद्यमों को खास ध्यान दिया जा रहा है। इनके लिए ब्याज सब्सिडी, फैक्टरिंग, कोलैटरल सपोर्ट, निर्यात नियमों में मदद, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और लॉजिस्टिक्स सहायता दी जाएगी। साथ ही गोदाम सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा।

SEZ यूनिट्स में ऑर्डर घटने की आशंका है। सरकार इन इकाइयों को विशेष छूट देगी। त्रस्ञ्ज में टैक्स स्लैब कम करने और ज्यादा सामान को कम टैक्स ब्रैकेट में लाने की योजना है। इससे घरेलू मांग बढ़ेगी, जो निर्यातकों को वैकल्पिक बाजार देगी। सूत्रों का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था निर्यात पर पूरी तरह निर्भर नहीं है। यह मुख्य रूप से घरेलू मांग पर टिकी है। वित्त वर्ष 2025 में 438 अरब डॉलर का माल निर्यात हुआ, जो GDP का 10.4 फीसदी है। कुछ क्षेत्रों में कीमत में बढ़ोतरी सीमित है। फिर भी, निर्यात को अहम माना जा रहा है।

सरकार का कहना है कि टैरिफ से अस्थायी तनाव है, लेकिन भारत पूरी तरह तैयार है। मध्यम अवधि में भारत अपने मुक्त व्यापार समझौतों (स्नञ्ज) का फायदा उठाएगा। खरीदार-विक्रेता संपर्क बढ़ाएगा और त्रस्ञ्ज सुधारों को मजबूत करेगा। लंबी अवधि में विविध और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी निर्यात आधार बनाने की योजना है। स्थ्रं सुधार और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने पर भी जोर है। ये कदम

## भारत में यात्री वाहनों की बिक्री 10 लाख यूनिट के पार

**नई दिल्ली, 31 अगस्त।** उद्योग निकाय सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष अप्रैल-जून की अवधि में भारत में 10 लाख से अधिक यात्री वाहन बेचे गए, जिसमें महाराष्ट्र बिक्री चार्ट में सबसे ऊपर रहा। अप्रैल से जून तक, देश में 10.12 लाख यात्री वाहन बेचे गए, और पश्चिमी क्षेत्र 3.21 लाख यूनिट के साथ बिक्री में सबसे ऊपर रहा। सियाम द्वारा संकलित बिक्री चार्ट में जून तिमाही में महाराष्ट्र में 1.19 लाख यूनिट बिकीं। इसके बाद उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और हरियाणा का स्थान रहा। उद्योग निकाय ने कहा कि इस अवधि के दौरान देश में दोपहिया वाहन खंड में 46.75 लाख यूनिट बिकीं, जबकि पश्चिमी राज्यों में बिक्री 14.19 लाख यूनिट तक पहुंच गई। उत्तर प्रदेश दोपहिया वाहनों की बिक्री में सबसे आगे रहा, जहां कुल 8.18 लाख यूनिट बिकीं, इसके बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु, बिहार और मध्य प्रदेश का स्थान रहा। कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में, महाराष्ट्र जून तिमाही में 32,000 यूनिट की बिक्री के साथ अग्रणी रहा। इस अवधि के दौरान देश में कुल मिलाकर 2.23 लाख कमर्शियल वाहन बिके। सियाम के अनुसार, इस अवधि के दौरान तिपहिया वाहन सेगमेंट में बिक्री 1.65 लाख यूनिट तक पहुंच गई, जिसमें उत्तर प्रदेश 21,000 यूनिट के साथ सबसे आगे रहा, उसके बाद महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और तेलंगाना का स्थान रहा।

रायपुर में गणेशोत्सव की धूम



श्री बालाजी परिवार गणेश उत्सव समिति, बूढ़ापारा



श्री नवयुवक संगठन गणेशोत्सव समिति, राजीव गांधी चौक, छोटापारा




श्री शीतला नवयुवक गणेशउत्सव समिति, मठपारा



श्री क्रांति संघ गणेशोत्सव समिति, पुरानी बस्ती थाना के सामने,कंकाली नाका चौक

## एक नजर

### 1 सितम्बर को श्रम विभाग की समीक्षा बैठक लेगें मंत्री देवांगन



**रायपुर, 31 अगस्त।** श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन सोमवार 01 सितम्बर को सवेरे 11 बजे नवा रायपुर स्थित महानदी भवन मंत्रालय में श्रम विभाग के विभागीय कामकाज की समीक्षा करेंगे जिसमें जिलों में पदस्थ मैदानी अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### प्रदेश में अब तक 874.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर 31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 874.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1265.6 मि. मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 430.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 752.2 मि.मी. बलौदाबाजार में 616.2 मि.मी. गरियाबंद में 733.6 मि.मी. महासमुंद में 646.5 मि.मी. और धमतरी में 782.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 833.1 मि.मी. मुंगेली में 817.0 मि.मी. रायगढ़ में 1040.3 मि.मी. सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 7138 मि.मी. जांजगीर-चांपा में 1020.0 मि.मी. सक्ती में 905.9 मि.मी. कोरबा में 8440 मि.मी. और गोरेला-पेण्ड्रा-मरवाडी 847.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 713.8 मि.मी. कबीरधाम में 613.5 मि.मी. राजनांदगांव में 784.6 मि. मी. मोडला मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1091.0 मि.मी. खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 654.6 मि. मी. और बालोद में 940.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 6226 मि.मी. सूरजपुर में 959.9 मि.मी. जशपुर में 863.8 मि.मी. कोरिया में 982.6 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 878.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 1248.2 मि.मी. कोंडागांव में 8042 मि.मी. कांकेर में 1018.4 मि.मी. नारायणपुर में 1110.3 मि.मी. दतेवाड़ा में 1195.2 मि.मी. सुकमा में 941.1 मि.मी. और बीजापुर में 1170.2 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

### आईटीआई गौरेला में प्लेसमेंट कैंप 4 को




**रायपुर 31 अगस्त।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गौरेला में आगामी 4 सितंबर को मारुति सुजुकी कंपनी द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप में विद्युतकार एवं फिटर व्यवसाय में उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ सुबह 10 बजे अपस्थित होकर कैंप का लाभ उठा सकते हैं। कैंप के संबंध में अधिक जानकारी के लिए आईटीआई गौरेला कार्यलय में संपर्क कर सकते हैं।

# मोबाइल चलाने पर चार छात्रों की पिटाई स्टूडेंट्स बोले-टीचर ने छाती पर लात मारी




**रायपुर, 31 अगस्त।** रायपुर के माना स्थित नवोदय स्कूल में दसवीं कक्षा के 4 स्टूडेंट्स के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. जहां चारों स्टूडेंट एक साथ मोबाइल पर कुछ वीडियो देख रहे थे. फिर शिक्षक और वार्डन ने चारों बच्चों को छड़ी और रॉड से पीटना शुरू कर दिया।

**टीचर ने की बच्चों की पिटाई:** रायपुर के माना स्थित नवोदय स्कूल में दसवीं कक्षा के 4 स्टूडेंट्स के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. जहां चारों स्टूडेंट एक साथ मोबाइल पर कुछ वीडियो देख रहे थे. रात के करीब 1 बजे थे, तभी हॉस्टल वार्डन राउंड पर आया।

**मोबाइल चलाने पर 4 छात्रों की पिटाई :** कमरे के भीतर से स्टूडेंट्स के खिलखिलाने और बात करने की आवाज सुनी. वार्डन बच्चों के कमरे के अंदर गया. बच्चों के हाथ में मोबाइल देखकर उन्हें चिल्लाने लग. पूरे मामले की जानकारी वार्डन ने स्कूल के शिक्षक डीके सिंह को दी. इसके बाद शिक्षक और वार्डन ने चारों बच्चों को छड़ी और रॉड से पीटा।

### बाल आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका ने लिया संज्ञान दोषी शिक्षक को निलंबित करने की अनुशंसा

रायपुर स्थित माना नवोदय विद्यालय के हॉस्टल में बच्चों की शिक्षक ने पिटाई की है. इस बात की सूचना मिलते ही बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया. विद्यालय पहुंचकर उन्होंने पीड़ित बच्चों से मुलाकात कर जानकारी ली, इसके साथ मामले में प्रथम दृष्टया जिम्मेदार पाए गए शिक्षक को निलंबित करने की अनुशंसा की है. बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा को पीड़ित बच्चों ने बताया कि विद्यालय के ज्योग्राफी शिक्षक ने मारा था. इससे एक बच्चे के हाथ में फ्रैक्चर और पैर में चोटें आई है. पीड़ित बच्चे की स्थिति को देखते हुए विद्यालय की प्राचार्या ने तुरंत उसका एक्सरे कराया, जिसमें हाथ में फ्रैक्चर और पैर में चोट का खुलासा हुआ. घटना की गंभीरता को देखते हुए आयोग अध्यक्ष ने दोषी शिक्षक को निलंबित करने की अनुशंसा की है. डॉ. शर्मा ने कहा कि बच्चों के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इस घटना की पूरी जांच कर दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बाल कल्याण समिति, रायपुर के एक सदस्य को भी जांच टीम में शामिल किया गया है, ताकि मामले की सही तरीके से जांच हो सके. आयोग ने आगे की कार्रवाई के लिए त्वरित कदम उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है.

# नकाबपोशों ने सीआईएसएफ जवान की स्कूटी लूटी

■ सड़क पर गाय बैठने से गाड़ी की थी स्लो, सुबह 4 बजे ड्यूटी पर जा रहा था जवान




**रायपुर, 31 अगस्त।** रायपुर में नकाबपोश लुटेरों ने सीआईएसएफ जवान को शिकार बनाया है। बदमाश ड्यूटी पर जा रहे जवान की स्कूटी लूटकर फरार हो गए। जवान ने सड़क पर गाय बैठे होने की वजह से स्कूटी स्लो की थी। इसी दौरान आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। यह मामला माना थाना इलाके का है।

जी शांता ने बताया कि वह शारदा विहार कॉलोनी में किराया के मकान में रहता है। सीआईएसएफ में आरक्षक के पद पर तैनात है। 29 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे वह ड्यूटी जाने के लिए अपने स्कूटी में निकला था। तभी वीआईपी रेस्टोरेंट के आगे सड़क पर गए बैठी होने की वजह से उसने गाड़ी स्लो कर ली। इस दौरान पीछे से तीन लड़के अपने मुंह पर कपड़ा बांधकर आ गए। उन्होंने धमकाना शुरू कर दिया।

**सीसीटीवी कैमरे से खोजबीन जारी :** लुटेरों ने कहा कि अपने पास जो भी सामान हूं उसे दे दो। जब जवान ने अपने पास रखे सामान को नहीं दिया तो उन्होंने उसे स्कूटी को छीन लिया। फिर मौके से फरार हो गए। इस घटना की सूचना जवान ने अपने अधिकारियों को दी। इसके बाद माना थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है। इस मामले में पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरा की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है।

# व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की फीस नये सिरे से तय हो : संजय ठाकुर



**रायपुर, 31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ आरटीआई एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने राज्यपाल को पत्र लिखकर निजी विश्वविद्यालयों और फीस नियामक समिति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ठाकुर ने कहा कि व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की मनमानी फीस तय कर हजारों छात्रों से करोड़ों रुपये की लूट की जा रही है। उन्होंने मांग की है कि राज्यपाल तुरंत हस्तक्षेप कर नई फीस संरचना तय करवाएँ ताकि छात्रों को राहत मिल सके।

ठाकुर का आरोप है कि पिछले 16 वर्षों से छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग ने नियमों की अनदेखी कर मनमाने ढंग से फीस निर्धारण किया। वहीं, फीस नियामक समिति अपने कर्तव्यों से पल्ला झाड़ती रही। परिणामस्वरूप छात्रों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इसे उन्होंने ÷अपराधिक लापरवाही÷ करार देते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि समाजसेवियों, वकीलों, पत्रकारों और अभिभावकों की संयुक्त समिति गठित कर इस पूरे मामले की जांच कराई जाए ताकि सच सामने आ सके और भविष्य में छात्रों से इस तरह की लूट बंद हो। ठाकुर ने जानकारी दी कि 23 जून 2025 को आयोग ने सभी निजी विश्वविद्यालयों को पत्र भेजकर स्पष्ट किया कि व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की फीस अब फीस नियामक समिति से तय होगी। बावजूद इसके, किसी भी विश्वविद्यालय ने अब तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है।

# भाजपा पदाधिकारियों ने सुनी 'मन की बात'

**रायपुर, 31 अगस्त।** राजधानी रायपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' सामूहिक रूप से सुना गया। इस दौरान प्रदेशभर से आए भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की बातों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय सहित कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की आत्मा की आवाज है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की भावनाओं और देशहित के मुद्दों को शामिल किया जाता है। यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं और नागरिकों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' में संस्कृति, नवाचार, महिला सशक्तिकरण, युवा शक्ति और किसानों के प्रति संवेदनशीलता झलकती है। यही कारण है कि यह कार्यक्रम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने में सफल रहा है। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री के आह्वान को जन-जन तक पहुँचाने और उनके विजन को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया।

# प्रदेश में मौसम ने ली करवट, कई जिलों में अलर्ट

**रायपुर, 31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में मौसम ने करवट ले ली है। राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में सुबह जोरदार बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से बड़ी राहत मिली है। वहीं मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों और आने वाले दिनों के लिए तेज हवाओं व बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक की संभावना है। 1 सितंबर को भी कहीं-कहीं मेघगर्जन और वज्रपात के आसार हैं। वहीं 2 से 5 सितंबर तक व्यापक और भारी वर्षा हो सकती है। खासतौर पर उत्तर छत्तीसगढ़ में संभावना है।

पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस (पेंड्रा रोड) दर्ज हुआ।

**मानसून की चाल :** मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर बनी हुई है। इसके असर से रविवार को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक की संभावना है। 1 सितंबर को भी कहीं-कहीं मेघगर्जन और वज्रपात के आसार हैं। वहीं 2 से 5 सितंबर तक व्यापक और भारी वर्षा हो सकती है। खासतौर पर उत्तर छत्तीसगढ़ में संभावना है।

### 2 से 5 सितंबर तक झमाझम बारिश होने के आसार



### इन जिलों में अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले 3 घंटों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इसमें कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, दुर्ग, बेमेतरा और मुंगेली शामिल जिले हैं। यहां तेज हवाएं, गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

### दिनभर छाए रहेंगे बादल

राजधानी रायपुर में दिनभर बादल छाए रहेंगे। गरज-चमक के साथ रुक-रुककर बारिश हो सकती है। तापमान 26 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# बूढ़ा तालाब चौपाटी की फिर खुली दुकानें!

### महापौर ने शिकायत पर निरीक्षण कर करवाया सील



**रायपुर, 31 अगस्त।** रायपुर के प्रतीकों में से एक बूढ़ा तालाब का चौपाटी की दुकानें फिर से खुल गईं. इस बात की शिकायत मिलने पर महापौर मीनल चौबे रविवार सुबह निरीक्षण करने पहुंची. दुकान खुलने पर निगम अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सील करने के निर्देश दिए.

सुबह चौपाटी का नजारा अलग ही थी, एक तरफ घूमने-फिरने के लिए आने वाले लोगों को रोकने पर पहले गार्ड और उसके बाद ठेकेदार को फटकार लगाई. इसके साथ ही बिना पार्किंग के दुकानों के खुलने पर अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई. दुकान मालिक के पर्यटन विभाग से अनापत्ति मिलने की दलील को दरकिनार करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि निगम क्षेत्र में स्थित होने की वजह से उन्हें निगम के नियमों का पालन करना होगा. इसके साथ ही उन्होंने निगम अधिकारियों से तीनों दुकानों को सील करने का निर्देश दिया.

**बिना पार्किंग नहीं खुलेंगी दुकानें :** मीडिया से चर्चा में महापौर मीनल चौबे ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि बूढ़ा तालाब के चौपाटी की तीन दुकानें खुल गई हैं. आज उसी का निरीक्षण करने आए हैं, और इस बात की जानकारी ली कि बिना निगम की अनुमति के कैसे दुकानें खुल गई हैं. बिना पार्किंग के किसी भी प्रकार के व्यावसायिक गतिविधियों को शुरू नहीं कर सकते हैं.

### पूर्ववर्ती सरकार का किया धरा

महापौर मीनल चौबे ने पूर्ववर्ती सरकार पर बूढ़ा तालाब में चौपाटी खोलने का आरोप मढ़ते हुए कहा कि हम हमेशा इस तरह के व्यावसायिकरण का विरोध करते रहे हैं. हम आगे भी करते रहेंगे. दुकान मालिक का कहना है कि पर्यटन विभाग से अनुमति मिल गई है. लेकिन नगर निगम के सीमान्तर्गत होने की वजह से कोई भी व्यावसायिक गतिविधि के लिए पार्किंग होना जरूरी है. स्कूल के सामने आप पार्किंग दे नहीं सकते हैं. तो किसी भी विभाग को इस प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों से बचना चाहिए. उन्होंने इसके साथ दुकानों को तत्काल सीलबंद करवा रहे हैं, आगे देखते हैं कि क्या करना है.

**नए घोटाले की चर्चा ने राजनीतिक गलियारों में मचा दी है हलचल**

# आबकारी विभाग पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, कलेक्टर से जांच की मांग

**रायपुर, 31 अगस्त।** राजधानी रायपुर में आबकारी विभाग पर एक बार फिर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। पूर्ववर्ती सरकार के 3200 करोड़ के शराब घोटाले की गूंज अभी शांत भी नहीं हुई थी कि अब भाजपा शासन में भी इसी तरह के नए घोटाले की चर्चा ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। रायपुर कलेक्टर और आबकारी सचिव को व्हाट्सऐप के जरिए भेजी गई शिकायत सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। शिकायतकर्ताओं ने उड़नदस्ता जांच की मांग करते हुए आरोपों के सबूत भी साझा किए हैं।

शिकायत के मुताबिक रायपुर जिले में वैध अहाता संचालक, जिन्होंने लाखों की फीस जमा कर लाइसेंस लिया है, उन्हें जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। इसके उलट अवैध चखना केंद्रों को खुली छूट दी गई है। आरोप है कि आबकारी उपायुक्त अपने खास इंस्पेक्टर दीनदयाल पटेल के जरिए इन अवैध केंद्रों से लाखों रुपये की वसूली करवा रहे हैं। इससे वैध कारोबारियों को लगातार नुकसान हो रहा है, जबकि अवैध धंधा फल-फूल रहा है।

इतना ही नहीं, खरोरा और अभनपुर के लालपुर स्थित शराब दुकानों से हर पेटी शराब पर 250 रुपये की वसूली का आरोप है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि इस रकम में से सौ रुपये सीधे जिला आबकारी अधिकारी तक पहुंचते हैं, जबकि बाकी रकम निचले स्तर के कर्मचारियों में बांटी जाती है।




मामले में कांग्रेस नेता दलजीत चावला का नाम भी सामने आया है। हाल ही में पार्षद चुनाव हारने वाले चावला पर आरोप है कि वह हर शराब दुकान पर अपने अवैध अहाता संचालकों से वसूली कर विभाग तक पैसा पहुंचा रहे हैं। आरोप यह भी है कि पूर्व में निलंबित रही एक आबकारी अधिकारी के साथ मिलकर उन्होंने कई शराब दुकानों को अपने परिचितों की जमीन पर शिफ्ट कराया और अहाता संचालकों से मनमाना किराया वसूलने की कोशिश की। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जो लोग उनकी मांगें पूरी नहीं करते, उनके लाइसेंस रद्द कराने की धमकी दी जाती है।

शिकायत में वन डे लाइसेंस को लेकर भी चौंकाने वाले आरोप लगाए गए हैं। कहा गया है कि ऐसे हर आवेदन पर 55 हजार रुपये की मांग की जाती है और इस रकम को 'वीआईपी खर्च' का नाम दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि यह पैसा ऊपरी स्तर तक जाता है और पी.एल. साहू तक इसकी सीधी पहुंच है।

प्रभारी उपायुक्त, जो जिला आबकारी अधिकारी के मूल पद पर हैं, उन पर भी अवैध अहातों से लाखों की वसूली कराने का आरोप है। शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि मामले की जांच तत्काल उड़नदस्ता टीम से कराई जाए, क्योंकि ये आरोप सीधे प्रशासन की पारदर्शिता और छवि पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

शिकायतकर्ताओं ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर मौजूदा सरकार और प्रशासन इस पर कार्रवाई नहीं करता, तो यही मामले भविष्य में एसीबी और ईओडब्ल्यू की जांच का हिस्सा बन सकते हैं। ऐसे हालात में कई बड़े अधिकारी और नेता मुश्किल में फंस सकते हैं।

फिलहाल जिला प्रशासन और आबकारी विभाग की ओर से किसी भी स्तर पर आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। लेकिन यह तय है कि शिकायत ने राजधानी के प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मुद्दे पर अब सबकी निगाहें कलेक्टर और सरकार की अगली कार्रवाई पर टिक गई हैं।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26